जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Kachori Jalebi Missing At Hampton Court**

Gone are the days when we fed animals with milk and jalebis, now we are forced to eat your left overs.

**Unleashing the Magic of Ballet**

**A different sort of meet with the ziddi administrator** — A book talk was organized by Rashtradoot

# ‘पहली बार आर.पी.एस.सी. मेंबर गिरफ्तार हुआ, इसके तार और कहीं तक जुड़े हैं?’

## भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सचिन पायलट ने साधा निशाना, जनसंघर्ष पदयात्रा पहले दिन किशनगढ़ में समाप्त हुई

जयपुर, 11 मई (का.प्र.)। पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट एक महीने में दूसरी बार अपनी ही सरकार के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। उनकी जनसंघर्ष यात्रा अजमेर से जयपुर के लिए निकली है।

- पोस्टर में गांधी, अंबेडकर, भगत सिंह, नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी की फोटो हैं, लेकिन, खड़गे, राहुल, प्रियंका गायब हैं, हाथ का निशान भी नहीं।
- डोटासरा बोले, यह उनकी निजी यात्रा है, पार्टी से कोई इजाजत नहीं ली।

वे पेपर लीक मुद्दे और करप्शन के खिलाफ पांच दिन की पदयात्रा करेंगे।

इस यात्रा को लेकर कांग्रेस में कई तरह की चर्चाएं हैं, क्या सचिन पायलट नई पार्टी बनाने जा रहे हैं या फिर पार्टी

(शेष पृष्ठ 7 पर)



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की जन संघर्ष यात्रा गुरुवार को अजमेर से शुरु हुई। यात्रा के दौरान अपने संबोधनों में पायलट ने आर.पी.एस.सी. पेपर लीक, जमीन लीज़ व अन्य घोटालों के संदर्भ में बिल्कुल मुखर होकर सरकार की आलोचना की। पदयात्रा में सचिन पायलट के साथ बहुत बड़ा जन समूह चल रहा था।*

## ‘पायलट की रैली होती है तो गुर्जर समाज को परेशान किया जाता है’

सुजानगढ़, 11 मई (निसं)। पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने पुलिस एवं इंटैलिजैंस पर गुर्जर समाज के लोगों व सामाजिक संगठनों को परेशान करने का आरोप लगाया है। महावीर पोसवाल ने नया बास स्थित पथिक सेना के राष्ट्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि गहलोत की सचिन पायलट के जयपुर प्रदर्शन,

- गुर्जर समाज के संगठन, पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने कहा कि, पायलट की रैली होने पर गहलोत की पुलिस गुर्जर समाज के लोगों से पूछताछ करती है कि, रैली में कितने लोग गए थे।

बाड़मेर व खेतड़ी में हुई सभा व अजमेर से शुरू हुई यात्रा में कितनी भीड़ गई यह पूछ पूछ कर गहलोत की पुलिस गुर्जर समाज के लोगों व संगठनों को परेशान कर रही है। पार्टी के नेताओं की आपसी राड में मुख्यमंत्री गहलोत गुर्जर समाज को घसीट रहे हैं। पोसवाल ने कहा कि सीएम गहलोत की फितरत रही है कि वे नेताओं को आपस में लड़ाते हैं।

पोसवाल ने कहा कि पायलट के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को जांच करवानी चाहिए ना कि गुर्जर समाज के

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# डी.यू. ने राहुल गांधी को नोटिस भेजा “ट्रैसपासिंग” के खिलाफ

## क्या यह कदम केन्द्र सरकार के दबाव में उठाया गया है?

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। स्वतंत्रता आंदोलन तथा उसके बाद के दिनों से ही, शैक्षणिक संस्थाएं, जिनमें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शामिल हैं, लोकतंत्र के पालने के रूप द्वारा दिया गया नोटिस मानवीय तार्किकता से परे एवं बेतुका प्रतीत होता है। नोटिस में कहा गया है कि “एक राष्ट्रीय दल के जैड प्लस-सुरक्षा प्राप्त नेता का इस प्रकार का आचरण गरिमा से परे है।”

2014 में, जब से भाजपा सरकार

- दिल्ली यूनिवर्सिटी के वी.सी. योगेश सिंह के करीबी सूत्रों ने दावा किया कि, राहुल गांधी के डी.यू. हॉस्टल आने पर केन्द्र सरकार ने नाराजगी जताई थी।
- हालांकि डी.यू. प्रशासन ने दावा किया है कि, यह कार्यवाही विद्यार्थियों व स्वयं राहुल की सुरक्षा को ध्यान में रख कर की गई है।

में रहे हैं तथा अनगिनत नेताओं का निर्माण एवं पोषण करते रहे हैं। और ये नेता आगे चलकर अपने-अपने कार्य क्षेत्रों, जिनमें राजनीति भी शामिल है, में चमकते रहे हैं।

इसलिये, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को, उनके द्वारा गत सप्ताह “एकाएक” दिल्ली विश्वविद्यालय पहुँचने तथा विद्यार्थियों के एक ग्रुप के साथ संवाद करने के सिलसिले में विश्वविद्यालय

सत्ता में आई है, भाजपा-शासित राज्यों के केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा शैक्षणिक संस्थान, अनुशासन के नाम पर, भाषण की स्वतंत्रता, विरोध-प्रदर्शन के अधिकार तथा सभा करने की स्वतंत्रता जैसी मूलभूत स्वतंत्रताओं पर नियंत्रण करने तथा उनमें कटौती करने की कोशिश करते आ रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अनुशासन, शैक्षणिक

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# रोचक व लंबी कहानी है, गहलोत कैसे सोनिया व राहुल को अंगूठा दिखाकर मुख्यमंत्री पद पर बने हुए हैं

## गहलोत ने कैसे प्रियंका को न्यूट्रलाइज़ किया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। राजनैतिक हल्कों में इस बात को लेकर बहुत ज्यादा अटकलें एवं अनुमान लगाये जा रहे हैं तथा उत्सुकता एवं बेचैनी है कि आखिर ऐसा क्यों और कैसे हुआ कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पद पर

- बताया जाता है कि, गहलोत के इस प्रयास में अडानी, अंबिका सोनी, सुरजेवाला का काफी सहयोग रहा।
- सूत्रों के अनुसार सबसे ज्यादा अडानी का सहयोग रहा, जिन्होंने गहलोत के लिए न केवल गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साधा, बल्कि रॉबर्ट वाड्रा को भी समझा दिया।
- सूत्रों ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा ने ही प्रियंका, जो कि पायलट की मुखर समर्थक रही हैं, को पायलट के प्रति समर्थन हल्का करने के लिए मनाया।
- बताया जाता है कि, अंबिका सोनी ने सोनिया गांधी को मनाया, तो सुरजेवाला ने राहुल गांधी को समझा दिया कि, सचिन युवा हैं उनके पास बहुत समय है, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाने में जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है।

बने रहने दिये गये तथा मुख्यमंत्री पद से हटाये नहीं गये, जबकि उन्होंने सोनिया गांधी के खिलाफ खुला विद्रोह किया था तथा गांधी परिवार का अनादर किया था।

इस संबंध में एक उड़ती खबर भी है। राजस्थान तथा गुजरात की सीमा पर एक जैन मुनि का निवास है। उनके कई प्रतिष्ठित एवं सुप्रसिद्ध चेले हैं, जिनमें अमित शाह और गौतम अडानी जैसे प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं।

अशोक गहलोत ने जैन मुनि से सम्पर्क स्थापित किया तथा उनसे कहा कि गौतम अडानी के साथ उनकी मीटिंग करा दें। और गुरु जी ने ऐसा कर दिया।

गहलोत-अडानी की कहानी के जानकार लोगों का कहना है कि अडानी ने प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह से बात की। उन्होंने कुछ कांग्रेस नेताओं से बात की। इनमें रॉबर्ट वाड्रा भी थे। समझा जाता है कि वाड्रा ने प्रियंका गांधी को सचिन पायलट के समर्थन पर ज्यादा जोर न देने के लिये राजी किया क्योंकि वे बदलाव की जबरदस्त हिमायती थीं तथा चाहती थीं कि पायलट मुख्यमंत्री बनाये जायें।

सोनिया गांधी से बात करने की जिम्मेदारी अम्बिका सोनी को दी गई,

(शेष पृष्ठ 7 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

## 2700 करोड़ रू. ठगने वालों की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

जयपुर, 11 मई (का.सं.)। सीकर के हजारों लोगों से 2700 करोड रुपए से अधिक की ठगी करने के आरोप में कई महीनों से जेल में बंद नैक्सा एवरग्रीन कंपनी के निदेशक रणवीर सिंह बिजारणिया, सुभाष चन्द्र बिजारणिया, बोधू राम और गोपाल सिंह की जमानत याचिकाओं पर हाईकोर्ट में

- सीकर की नैक्सा एवरग्रीन कम्पनी के निदेशक रणवीर सिंह, सुभाष चन्द्र, बोधू राम व गोपाल सिंह पर हजारों लोगों से 2700 करोड़ रूपए ठगने का आरोप है।

शुक्रवार को जस्टिस भुवन गोयल की एकलपीठ सुनवाई करेगी।

याचिकाकर्ताओं ने जमानत याचिकाओं में कहा है कि, उनका शिकायतकर्ता से राजीनामा हो गया है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# भाजपा को दो झटके लगे सुप्रीम कोर्ट में

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। भाजपा को आज के दिन दोहरे झटके लगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले वर्ष जून माह में शिव सेना विधायकों के एक ग्रुप के विद्रोह के बाद महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने फ्लोर टैस्ट का आ ान कर गलती की। शीर्ष अदालत ने अपने एक अलग निर्णय में फैसला दिया कि दिल्ली सरकार का राज्य की प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण है और वास्तविक सत्ता निर्वाचित सरकार के पास होनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि दिल्ली सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को अब लैफ्टिनैंट गवर्नर के ऑफिस से अनुमोदित कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

शिव सेना के प्रकरण में, सुप्रीम कोर्ट ने कोश्यारी के निर्णय को “अनुचित” बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद पर बहाल नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्होंने फ्लोर टैस्ट का सामना किए बिना ही इस्तीफा दे दिया चीफ

- सुप्रीम कोर्ट ने, महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा राज्य में शिव सेना विद्रोह के बाद फ्लोर टैस्ट करवाने को गलत करार दिया है।
- एक अन्य फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि, दिल्ली सरकार का सभी सेवाओं पर पूर्ण नियंत्रण है और दिल्ली की निर्वाचित सरकार को उप राज्यपाल की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान बैंच ने उल्लेख किया कि राज्यपाल ने विपक्ष के तत्कालीन नेता देवेन्द्र फड़नवीस और सात निर्दलीय विधायकों द्वारा लिखे गये एक पत्र पर ही भरोसा किया, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया था कि वह ठाकरे को सदन में अपना बहुमत सिद्ध करने के लिए फ्लोर टैस्ट के निर्देश दें। कोर्ट ने टिप्पणी की कि “फड़नवीस और अन्य विधायक एक अविश्वास प्रस्ताव भी पेश कर सकते थे। उन्हें ऐसा करने से किसी ने नहीं रोका था।”

दिलचस्प बात यह है कि, ठाकरे और शिंदे, दोनों ही धड़े सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को अपनी-अपनी जीत बता रहे हैं। ठाकरे ने कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे और देवेन्द्र फड़नवीस में यदि कोई नैतिकता है, तो दोनों को ही इस्तीफे देने चाहिए। दूसरी ओर शिंदे ने कोर्ट के फैसले को “सत्य की जीत” बताया। सुप्रीम कोर्ट शिव सेना के शिंदे गुट से संबंधित 16 विधायकों के डिस्क्वालिफिकेशन के मुद्दे पर सुनवाई कर रहा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा आयोजित पार्टी की एक मीटिंग में उपस्थित ना होने को लेकर शिंदे सहित इन विधायकों को

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## आदर्श घोटाले के आरोपियों ने मांगी डिफॉल्ट बेल

जयपुर, 11 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने, देश के 28 राज्यों में सैंकडों ब्रांच खोलकर बीस लाख लोगों से निवेश के नाम पर 15 हजार

- राजस्थान हाई कोर्ट ने आरोपियों की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। आरोप है कि, आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी ने 28 राज्यों में सैकड़ों ब्रांच खोलकर 15,000 करोड़ रू. का घोटाला किया है।

करोड़ रुपए से भी ज्यादा का घोटाला करने वाली आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के निदेशक राहुल मोदी सहित अन्य की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एक्टिंग

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# ‘राजनीति आग का दरिया है और इसे तैरकर पार करना है’

## पायलट ने यह वक्तव्य देकर हजारों लोगों के साथ अजमेर से “जन संघर्ष पदयात्रा” शुरू की

अजमेर, 11 मई (कासं)। “राजनीति आग का दरिया है और इसे तैरकर पार करना है।” इस एक लाइन के वक्तव्य से समझा जा सकता है कि इन दिनों राजस्थान में राजनैतिक सनसनी बने कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट किस तरह से अपनी राजनीति को एक नई दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं। पायलट ने अपनी ही सरकार में कथित रूप से पनप रहे भ्रष्टाचार को निशाना बनाते हुए जन संघर्ष यात्रा आरंभ की और इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए उक्त बात कही थी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरूवार को अजमेर से अपनी जन संघर्ष यात्रा की शुरुआत की तो उनके तीखे तेवर काबिल ए-गौर थे। पायलट ने मंच से तलवार लहरा कर यात्रा का शुभारंभ किया। पायलट ने अपने सम्बोधन में भले ही किसी का नाम ना लिया हो लेकिन प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला

- पायलट ने पेपरलीक पर सरकार पर निशाना साधा व कहा, “सरकार पेपरलीक के आरोपी कटारा के घर पर बुलडोज़र क्यों नहीं चला रही है।
- पांच दिन में 125 किलोमीटर दूरी तय कर जयपुर पहुंचेगी संघर्ष यात्रा।

बोला। पेपर लीक मामले में पायलट ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि “आखिर पेपर लीक मामले में बिना किसी जांच के ही क्यों यह कह दिया कि इस मामले में कोई अधिकारी या राजनेता लिप्त नहीं है और अब जब आरपीएससी मेंबर बाबूलाल



*सचिन पायलट ने अपनी जन संघर्ष यात्रा का आगाज़ तलवार लहराकर किया। इस मौके पर पायलट ने, मई की तपती धूप में पदयात्रा करने को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, “राजनीति आग का दरिया है और इसे तैरकर पार करना है।”*

कटारा की गिरफ्तारी हो गयी तो फिर एक दलाल की बिल्डिंग तोड़ने वाली सरकार कटारा के घर पर बुलडोजर क्यों नहीं चला रही है।”

पायलट ने कहा कि कांग्रेस के निष्ठावान विधायकों पर आरोप लगाए जा रहे हैं। पायलट ने कहा कि हेमाराम जैसे विधायक पर आरोप लगाए गए है कि उन्होंने पैसे लेकर सरकार गिराने की कोशिश की जबकि हेमाराम का परिवार अपनी करोड़ों रूपये कीमती जमीन जनहित में दान कर चुका हैं। पायलट ने आम जनता से अपील की कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती प्रदान करें क्यों कि यह लड़ाई युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए लड़ी जा रही है। पायलट ने जन सभा को सम्बोधित करने के बाद सभा स्थल से ही अपनी पैदल जन संघर्ष यात्रा की शुरुआत की। सबसे बड़ी बात यह थी कि पायलट की इस जन संघर्ष यात्रा में मंच पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की तस्वीर तो नजर आई लेकिन ना तो कांग्रेस का सिंबल ‘हाथ’ का निशान दिखा और न ही कांग्रेस का झंडा दिखाई दिया। पायलट की अजमेर से शुरू हुई जन संघर्ष यात्रा पांच दिन में 125 किलोमीटर का सफर तय कर के जयपुर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार पर विपक्ष भी उंगली नही उठा सकता है क्यों कि मेरे माता-पिता से लेकर मेरे पर एक भी फूटी कौडी का आरोप नही है।

पायलट ने वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में हुए खान घोटाले पर कार्रवाई न होने को लेकर गहलोत पर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि 40 हजार करोड़ का घोटाला हुआ, हमने सारी लीज़ कैसिंल कर दी थी। हमने सीबीआई, सीवीवी की मांग की, हमने खान घाटाले की जांच की मांग की। लेकिन अब तक वह कुछ नहीं हुआ है। इसालए हमने सड़कों पर आना पड़ा है।

इससे पहले पायलट करीब सवा 12 बजे अजमेर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे,

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## विचार बिन्दु

**हमेशा याद रखिए कि सफलता के लिए किया गया आपका अपना संकल्प किसी भी और संकल्प से ज्यादा महत्व रखता है। –अब्राहम लिंकन**

# ''द केरल स्टोरी''

'द केरल स्टोरी' फिल्म के बाबत देश व विदेशों में भी वाद-विवाद हो रहा है। मध्यप्रदेश की तर्ज पर यूपी में भी इस फिल्म को टैक्स फ्री किया गया है। यूपी सरकार के विधायक व मंत्रीगण प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ पिक्चर देखेंगे। बंगला देश ने इसे बैन कर दिया है। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि फिल्म की स्क्रीनिंग को बैन करने की मांग की थी ताकि प्रदेश में शान्ति स्थापित हो सके। उनका कहना है कि 'द केरल स्टोरी' एक विकृत कहानी है। तामिलनाडू में भी इसको बैन कर दिया है। एक मत यह भी मानता है कि इस फिल्म को लेकर तामिलनाडू में यह माना जा रहा है कि वहां फिल्म के प्रति उत्साह नहीं है, इस कारण बैन लगाया गया है। केन्द्र सरकार के मंत्री अनुराग ठाकुर ने जनता से आग्रह किया है कि वे पिक्चर देखें। उनका कहना है कि पिक्चर सही तथ्यों पर आधारित है। यह भी सत्य है कि आतंकवाद के विरोध में कई देश हैं, वहां भी 'द केरल स्टोरी' जैसी फिल्में बन रही हैं। कई डोक्यूमेन्ट्री बन चुकी हैं। लडकियों के आतंकी संगठनों में शामिल कराने के कारणों पर शोध पत्र लिखे गये हैं। केरल में फिल्म की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई है। यह फिल्म हिन्दू ईसाइयों या दूसरे धर्म की लडकियों का धर्मान्तरण कर मुस्लिम बनाने और आईएसआईएस जो एक आंतकी संगठन है, उसके लिये काम करने को विवश किया जाता है। यह फिल्म आतंकी संगठन द्वारा एक विशेष धर्म की लडकियों/महिलाओं पर किये जा रहे जुल्मों की कहानी है।

प्रलोभन देकर भी लडकियों का धर्मान्तरण कराया जाता है, इसमें व फिल्म के विषय में काफी समानतायें हैं।

पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ने इसे कश्मीर फाइल जैसा माना है अर्थात् एक वर्ग को अपमानित करना है। फिल्म के निर्माता विपुल शाह ने इस स्टेटमेंट को चुनौती दी है और घोषणा की है कि वे कानूनी लडाई लडेंगे। राजनैतिक दल सीपीएम तथा कांग्रेस ने फिल्म का विरोध किया है और फिल्म को बैन करने की आवाज उठाई है। इसका राजनैतिकरण हो चुका है।

केरल भारत का प्रान्त है। हिन्दू, मुसलमानों व ईसाइयों की आबादी वाला प्रान्त है। मलयालम यहां की मुख्य राज्य भाषा है। यह बहुत सुन्दर प्रदेश है। केरल को ईश्वर का अपना देश माना जाता है जिसे ईश्वर द्वारा कथित रूप से इष्ट माना गया है। **God's Own Country** केरल के पर्यटन विभाग का लोगो है।

'द केरल स्टोरी' केरल राज्य में युवा युवतियों को तथाकथित जबरन धर्म परिवर्तन की कहानी है, जिसे आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एण्ड सीरिया (आईएसआईएस) द्वारा बताने का प्रयास किया है। केरल की कहानी तीन महिलाओं के वास्तविक अनुभव पर है। 'द केरल स्टोरी' विवादों से घिरी हुई है। दिनांक 5 मई 2023 को सिनमाघरों में दिखाई गई। कहते हैं पहले दिन ही अच्छा कलेक्शन दिया गया। चूंकि यह फिल्म विवादास्पद है इसके कारण तामिलनाडू व अन्य राज्यों में फिल्म की स्क्रीनिंग भी रद्द की गई। यह भी सच है कि मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों में फिल्म के प्रदर्शन को कर मुक्त किया गया है।

सुदीप्तो सेन द्वारा 'द केरल स्टोरी' को निर्देशित किया है और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित है। कहते हैं फिल्म पर 40 करोड रूपये खर्च हुये हैं। यह भी बताया गया है कि लगभग 32,000 हजार महिलाओं को केरल से आईएसआईएस द्वारा अफ़गानिस्तान व सीरिया ले जाया गया और उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया। उन्हें आतंकवादी बनाने की करूण गाथा है।

10 मई 2023 को कर्नाटक में चुनाव हो चुके हैं। अन्य चुनावी मुद्दों में 'द केरल स्टोरी' फिल्म एक बडे मुद्दे के रूप में उभर कर आई है।

'द केरल स्टोरी' फिल्म को लेकर दो भिन्न-भिन्न विचार चुनाव में सुने जा चुके हैं। फिल्म में दिखाया गया है आतंकवाद या यह नया रूप है।

तामिलनाडू के कई सिनेमा घरों में जब 'द केरल स्टोरी' पर बैन लगाया गया, कई सिनेमा घरों में यह फिल्म देखी जा रही थी। इस फिल्म के कलाकारों में मुख्यत: अदाह शर्मा, योगिता बिहानी व सिद्धि इदनानी और सोनियाबालानी की मुख्य भूमिका है। समाचार पत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि गुजरात में भी महिलायें गायब हुई हैं। धीरे-धीरे 'द केरल स्टोरी' का विषय गम्भीर होता जा रहा है। क्रूर मेम्बर्स को धमकी मिलने के समाचार भी अखबारों में पढने को मिले।

**देश में कुछ राज्य सरकारों ने फिल्म को जनहित में मानकर टैक्स नहीं लगाया है और कहीं पर इस पर बैन लगाया गया है। 'द केरल स्टोरी' फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है जिसका अभिप्राय है फिल्म देश के सिनेमा घरों में स्क्रीनिंग की जा सकती है। 'द केरल स्टोरी' वस्तुतः एक राज्य से संबंध रखती है और आतंकी गतिविधियों की बर्बरता की कहानी पर प्रकाश डालती है।**

'द केरल स्टोरी' ने देश के सामने आतंकवादियों के जुल्मों को दिखाया है। यह विवाद अब टीवी अखबारों और विशिष्ट व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, किन्तु इसका क्षेत्र बढता जा रहा है। यह सुखद समाचार है कि देश की सर्वोच्च कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया) के समक्ष यह विवाद पहुंच चुका है और दिनांक 15 मई 2023 को पिटीशन के एडमिशन पर माननीय न्यायालय सुनवाई करेगा। इससे पूर्व भी फिल्म का ट्रेलर दिखाने पर एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में फिल्म के रिलीज पर स्टे की मांग की थी किन्तु माननीय केरल हाईकोर्ट ने सच्ची घटनाओं पर आधारित होने से उसे एडमिट करने से इन्कार किया था।

देश इस समय कई समस्याओं से जूझ रहा है। देश वर्तमान में चुनावों के बीच में है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चीन से हमारी सीमाओं के बाबत विवाद चल रहा है। यूक्रेन बनाम रूस की लडाई में भारत अपनी निष्पक्ष भूमिका निभा रहा है। आरक्षण का भूत हमें छोडना नहीं चाहता। राजनीति एक दूसरे पर हावी होना चाहती है। हेट स्पीच ने हमारी जवान का स्वाद भी खराब कर दिया है। देश में समता, समानता व समरसता का अभाव है। हमारा आपसी विश्वास खंडित हो रहा है। झूठ व सच के बीच में यह फिल्म फंसी नजर आ रही है। कुछ इसे जैसा ऊपर कहा है सत्य मानते हैं किन्तु जितेन्द्र आव्हाड एनसीपी के सीनियर नेता का कहना है इस फिल्म में झूठ का अतिरंजन हुआ है। आप फिल्म देखने जावें तो निर्माता की स्वीकृति पर्दे पर पढने को मिलेगी फिल्म सच्ची कहानियों पर आधारित है। तीन लडकियों की कहानी को 32000 महिलाओं की बात कही गई है। उनका कहना तो यहां तक है कि फिल्म को बनाने वाले को फांसी की सजा दी जावे। यह भी तथ्य उभर कर सामने आये हैं कि सिनेमा घरों में दर्शक उमड रहे हैं और कई जगह उत्साह में कमी है। कुछ राज्य फिल्म को टैक्स फ्री करने जा रहे हैं।

देश में कुछ राज्य सरकारों ने फिल्म को जनहित में मानकर टैक्स नहीं लगाया है और कहीं पर इस पर बैन लगाया गया है। 'द केरल स्टोरी' फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है जिसका अभिप्राय है फिल्म देश के सिनेमा घरों में स्क्रीनिंग की जा सकती है। 'द केरल स्टोरी' वस्तुत: एक राज्य से संबंध रखती है और आतंकी गतिविधियों की बर्बरता की कहानी पर प्रकाश डालती है, कहा जाता है कि हजारों लडकियों को जोर जबरदस्ती/बहला फुसला कर इस्लाम धर्म को कुबूल कराया गया है। इस प्रकार केरल की महिलायें धर्मान्तरित होकर चरम पंथी स्टेट ऑफ ईराक व सीरिया में शामिल हो रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 6 मई 2023 को बेल्लारी के चुनाव प्रचार में 'द केरल स्टोरी' का उल्लेख किया है और इस मुद्दे को समझाते हुये कहा कि ''मैं यह देख कर हैरान हूँ कि अपने वोट बैंक के खातिर कांग्रेस ने आतंकवाद के समक्ष घुटने टेक दिये हैं। ऐसी पार्टी कर्नाटक की रक्षा कैसे कर सकती है?''

'द केरल स्टोरी' बनाने वाले व्यक्ति विपुल अमृतलाल शाह ने पश्चिमी बंगाल राज्य की सरकार के आदेश की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने आदेश में कहा है कि हिंसा को रोकने व घृणा की भावना पैदा न हो और जनता में शांति बनी रहे, इस कारण से उक्त आदेश पारित किया था। पश्चिम बंगाल की सरकार ने आदेश धारा 6(1) वेस्ट बंगाल सिनेमा (रेगूलेशन) एक्ट 1954 के तहत् पारित किया है। पिटीशनर की आपत्ति है कि राज्य सरकार को उक्त आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है, तथा जब फिल्म को सेंसर बोर्ड का 'ए' सर्टिफिकेट मिल चुका है। पिटीशनर ने 1954 के एक्ट की धारा की वैधता को भी चुनौती दी है। उक्त धारा Arbitrary व Unguided अधिकार देता है। इस कारण धारा 6 संविधान अनुच्छेद 14 के विरूद्ध है तथा अवैध है और निरस्तनीय है।

यह मामला 15 मई 2023 को सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट में लिस्ट किया गया है। चूंकि विवाद सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष है अत: इस पर कोई टीका टिप्पणी करना उचित नहीं है। इस लेख में मेरे अपने विचारों की अभिव्यक्ति है जो मिडिया, अखबार, टीवी, गूगल और नेताओं के भाषणों तथा फिल्म को देखने से पैदा हुई करूणा पर आधारित है।

हमारा देश स्वर्ग माना गया है, कृपया इसे नर्क न बनने दें। देश धर्म निरपेक्ष है इसे जाति व धर्म की जंजीरों से न बांधें।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# हिंदू-मुस्लिम संस्कृति का संवाहक रहा है पश्चिमी राजस्थान का मांगणियार गायन



पन्नालाल मेघवाल

**राजस्थान** का मांगणियार गायन हिंदू-मुस्लिम संस्कृति का संवाहक रहा है। मांगणियार पीढ़ी दर पीढ़ी लोकगीत, संगीत एवं गायन परम्परा का निर्वाह करते आ रहे हैं। मांगणियार मुस्लिम मूलत:सिन्ध प्रान्त के निवासी हैं। वर्तमान में मांगणियार बाड़मेर, जैसलमेर एवं पश्चिमी राजस्थान में निवास करते हैं। सदियों से मांगणियारों के जजमान हिंदू रहे हैं। जजमान के घर आने जाने पर इन्हें पूरा सम्मान मिलता था। जजमानों के घरों में बच्चा पैदा हो, विवाह, तीज, त्यौहार या कोई भी मांगलिक कार्य हो तो मांगणियार उससे संबंधित गीत गाकर जजमान से कई प्रकार के ईनाम प्राप्त करते थे, जिनमें स्वर्ण जेवर, नकदी, मकान, जमीन, ऊंट, कपड़े आदि प्रमुख हैं।

हिंदू उच्च जाति के लोग एवं सिंधी इनके जजमान रहें हैं। इनके गीतों की रचनाएं सदियों पुरानी हैं। इन्हें विविध आयोजनों के हजारों गीतों की रचना करने एवं संगीत से सजाने की कला विरासत में मिली हुई है। इन्हें सैकड़ों गीत कंठस्थ याद रहते हैं। कमायचा इनका पारंपरिक वाद्य है। कमायचा तानसेन का बनाया हुआ वाद्य माना जाता है। कमायचा लकड़ी का बना होता है, जिसकी तवली चौबीस अंगुल की होती है। नाल दस अंगुल की होती है। सिरे को मोलिया कहा जाता है। स्वर के लिए मुख्यत: तीन मोटे तार होते हैं, जिन्हें मोरणा कहा जाता हैं। साथ में ग्यारह पतले तार होते हैं, जिन्हें मोरनी कहा जाता है। गज लकडी का बना होता है, जिसमें घोडे की पूछं के बाल होते हैं। गज को कमायचा के मोरणी व मोरणा पर चलाते ही सुमधुर स्वरों की गूंज सुनाई देती है जिससे कलाकार की सधी हुई उंगलियों से सुर निकालते हैं।

मांगणियार पारंपरिक रूप से अपने बच्चों को संगीत शिक्षा देते हैं, विभिन्न साजों लोक वाद्यों का चलन कालांतर में होता रहा जैसे- अलगोजा, खड़ताल, मटका आदि वाद्य धीरे-धीरे जुड़ते गए। बालक अपनी रुचि के अनुसार विद्या सीखते हैं। मांगणियार गायन शैली में मुख्यत: छ: राग एवं छत्तीस रागनियां होती हैं। जिनके आधार पर ही लोक गीत, लोक संगीत की रचना की जाती है। मुख्यत: छ: राग- प्रभाती, गूढ़ मल्हार, मारु, कल्याण, व्यागडो एवं खमाज राग होते हैं।

प्रभाती प्रात:कालीन वेला में सूर्योदय के समय गाया जाने वाला राग है जिसमें रामचंद्रजी के भजन, श्रीकृष्ण, रैदास, कबीर, मीरा, तुलसीदास आदि महापुरुषों की रचनाएं गायी जाती हैं। इसके अलावा भजन, भक्ति गीत, कीर्तन आदि भी गाये जाते हैं। गूढ़ मल्हार प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे के बीच दिन में गाया जाने वाला राग है। जब कोई राजा-महाराजा या जजमान अपनी दैनंदिनी के लिए आता जाता है अथवा जजमान व्यापार आदि के लिए जाने वाले हो तो गूढ मल्हार राग गाया जाता है। मारु राग दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक गाया जाने वाला राग है। कल्याण राग शाम को 8 बजे से गाया जाता है इसे शाम कल्याण राग भी कहा जाता है। इस राग के विभिन्न गीतों की प्रस्तुतियां मनभावन ढंग से गाई जाती हैं, जो माहौल को खुशनुमा कर देती हैं। मेहमानों के आने, बैठने, खाने-पीने, आमोद, प्रमोद, हंसी एवं मजाक के समय कल्याण राग के गीत गाए जाते हैं। इस समय गाए जाने वाले गीतों से दिन भर की थकान दूर हो जाती है एवं मन शांत व उल्लास से भर जाता है। रात रात भर बैठ कर जजमान इनके गीतों से प्रसन्न होते हैं, और इनाम इकराम से नवाजते हैं।

व्यागडो राग के गीतों का प्रचलन रात्रि 9 बजे से देर रात्रि तक होता है, जब हंसी खुशी का माहौल चरम तक पहुंचता है। खाने-पीने का दौर चलता रहता है, तब इस राग में गीत गाने से जजमान अत्यंत प्रसन्न होते हैं। खमाज राग को शुभ राग के रूप में जाना जाता है। कहीं भी शुभ कार्य का माहोल हो तो इस राग का गीत गाया जाता है। इसके अलावा सारंग राग भी प्रसिद्ध है। यह राग आषाढ़ में वर्षा ऋतु के समय गाया जाता है। गर्मी के मौसम से राहत दिलाने के समय यह राग गाया जाता है। इधर मोर, पपीहा, कोयल, चकोर उछल कूद करते हैं। मन उमंग से भरा होता है, ऐसे समय में इस राग के गीतों की रचनाएं गाई जाती हैं।

इसी तरह 6 प्रमुख रागों के साथ ही 36 रागनियां होती हैं जिनमें प्रमुख रूप से मारू, पहाड़ी, शुभ, काफी, सोरठ, धानी, तोड़ी, भैरवी, खयामाती, सोमेरी आदि प्रसिद्ध हैं। इन रागनियों में हजारों गीतों की रचनाएं हुई हैं। जिसका मांगणियारों के पास अथाह भंडार है। मांगणियार समुदाय के विभिन्न रीति-रिवाजों, त्यौहारों, जन्म, विवाह आदि पर अपनी विशिष्ट परंपराएं हैं। इनमें जन्म एवं वैवाहिक परंपराएं प्रमुख है।

बच्चे के घर जन्म पर हालरिया गीत गाया जाता है। त्यौहारों एवं अन्य मांगलिक अवसरों पर क्रमश: मेहंदी, कंकू, श्रृंगार, श्रावणी तीज, फाग, होली, बसंत, शरद, ग्रीष्म एवं बरसात आदि ऋतुओं पर भी अलग-अलग तरह के गीत गाने की परंपरा है।

मांगणियारों में पारंपरिक वैवाहिक गीत गाने की समृद्ध परंपरा है। विवाह के अवसर पर जब दूल्हे को पाठ पर बिठाया जाता है। शुभ मुहूर्त में धागा बांधा जाता है, तब बधावा गाया जाता है, जिसे सावा गीत भी कहते हैं। जब बारात दूल्हे के घर से रवाना होती है, तो अंतरियो गीत गाया जाता है, जिसमें गुलाब के फूलों की सुगंध जैसा महकने का वर्णन होता है। उसके बाद खमाजे की दुआ देनी पड़ती है। अर्थात दुल्हन को लेने बारात आ रही है, यह एक तरह से दुल्हन के घर पर सूचना देने जैसा है। ससुराल पहुंचते ही गोडलिया गीत की सुमधुर स्वर लहरियां गुंजायमान होने लगती हैं। चारों और खुशियां की बहारें रंग भर देती हैं। ढोल, नगाड़े, शहनाई, लोक वाद्यों की गूंज से माहौल आनंद से सराबोर हो जाता है।

दूल्हा-दुल्हन मंडप में बैठते हैं, उसे चंवरी कहते हैं। तब सांकडली गीत सुनाया जाता है- अरे भलां परणावो म्हारी सांकडली ने। शादी के बाद बाराती दूल्हे सहित जनवासा पर आ जाते हैं। खाना खाकर मौज करते हैं, और आराम करते है। दूसरे दिन सीख पर अरणी गीत गाया जाता हैं- अरे करशलिया बाबाजी रा पाछल म्हारा डोडाण रो कोर। इस तरह वैवाहिक परंपरा संपूर्ण होकर दुल्हन दूल्हे के घर आती है। मांगणियारों के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन गीत, संगीत एवं वाद्य है। उनका गाना बजाना ही मुख्य पेशा है, जिससे जीवन यापन होता है।

**– पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक**
**एवं स्वतंत्र पत्रकार**

# मंदिर और स्कूल जाने के रास्ते से नहीं हटा खुला कचरा डिपो

**सांभरझील,** (निसं)। पुरानी धानमंडी स्थित बालाजी मंदिर व स्कूल जाने वाले रास्ते के नजदीक खुला कचरा डिपो कई दशकों बाद भी यहां से नहीं शिफ्ट हो सका है।

**■ खुला कचरा डिपो कई दशकों बाद भी नहीं हटाया जा सका**

रामलीला रंगमंच व सराय स्कूल के नजदीक खुला कचरा डिपो के पास ही विद्युत निगम की डीपी भी रखी हुई है। बताया जा रहा है कि आसपास के लोगों की ओर से इस खुली जगह पर कचरा फेंका जाता है जिसे बाद में सफाई कर्मचारी की ओर से हटाया भी जाता है लेकिन उसके बाद फिर से लोगों को कचरा डालना शुरू हो जाता है। कचरे और गंदगी से लावारिस जानवरों का जमघट भी लगा रहता है। राहगीरों को इस कचरे के ढेर से रूबरू होना पड़ रहा है। इसी प्रकार यहां के हालात यूनानी औषधालय, राजकीय बालिका विद्यालय, नया बस स्टैंड के अंदरूनी हिस्सों के अलावा वार्ड की कुछ ऐसे मोहल्ले हैं जहां सफाई व्यवस्था चौपट सी बनी हुई है। अस्थाई खुला कचरा डिपो को हटाने व इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों के बाद भी सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा होना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं जनप्रतिनिधियों का इस दिशा में मूक बने रहना भी आमजन की भावना के साथ जबरदस्त कुठाराघात बताया जा रहा है।



**सांभर में पुरानी धानमंडी स्थित बालाजी मंदिर व स्कूल जाने वाले रास्ते के नजदीक खुला कचरा डिपो।**

# पांच माह से वेतन नहीं मिलने से परेशानी

**दौसा,** (निसं)। पंचायत शिक्षक व विद्यालय सहायक विगत पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं एवं उनके घर खर्च के लाले पड़ रहे हैं।

**■ पंचायत शिक्षक व विद्यालय सहायक परेशान**

जिले में लगभग चार सौ विद्यालय सहायक एवं पंचायत शिक्षकों को शिक्षा विभाग में नियुक्ति दी गई है। इनको दिसंबर माह से ग्राम पंचायत से शिक्षा विभाग में पदस्थापित किया गया है तब से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत विद्यालय सहायक को एवं पंचायत शिक्षकों को मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। इनका गत पांच माह का मानदेय भुगतान बकाया चल रहा है। इससे इन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। नियमित होने की आस में अल्प मानदेय पर अनवरत राजकीय कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद समय पर शिक्षा विभाग से इनके मानदेय का भुगतान नहीं हो पा रहा है। बिना मानदेय के भी संविदा कार्मिक विद्यालय में शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। लालसोट ब्लॉक पंचायत शिक्षक नेता धर्मेंद्र तिवारी, संघ मीडिया प्रभारी दिनेश पारीक, विद्यालय सहायक अवधेश शर्मा, पंचायत शिक्षक कमलेश शर्मा एवं अन्य सहायकों ने बताया कि मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर ब्लॉक स्तर एवं विभाग के मंत्री को विभिन्न माध्यम से सूचना व परिवाद भेजकर मानदेय की मांग की जा चुकी है। काफी गुहार लगाने के बावजद भी राहत नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर ब्लॉक स्तरीय विभाग के मंत्री को विभिन्न माध्यम से सूचना व परिवाद भेजकर मांग की जा चुकी है।

## बाल विवाह रुकवाया

**देवली,** (निसं)। थाना क्षेत्र के डाबर कला गांव में बुधवार को हो रहे एक बाल विवाह की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर विवाह रुकवाया दिया है। देवली पुलिस थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि दोपहर 2 बजे चाइल्ड हेल्पलाइन टोंक से थाना पुलिस को डाबर कला गांव में बाल विवाह की जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो किशोरी कमलेशी पुत्री रामदेव मीणा की शादी होना सामने आया। इस पर बाल विवाह रुकाकर दस्तावेजों की जांच की गई।

# सांभर में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए नहीं है हिंदी माध्यम का सरकारी स्कूल

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर उप जिला मुख्यालय पर कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी माध्यम से शिक्षा अर्जित करने के लिए कोई भी सरकारी विद्यालय नहीं है। इससे सांभर सहित आसपास के गांवों के हजारों विद्यार्थियों को 10 से 12 किलोमीटर दूर अन्य सरकारी स्कूल में जाकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

यहां की पुरानी धान मंडी, रामलीला रंगमंच के नजदीक स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंबर 1 जिसे सराय स्कूल के नाम से भी जाना जाता है को कक्षा 11 व 12 से क्रमोन्नत करवाने के लिए अनेक दफा इस मुद्दे को उठाया जा चुका है लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इस पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। कक्षा 11 व 12 के लिए हिंदी माध्यम का उपखंड मुख्यालय पर कोई भी सरकारी स्कूल नहीं होने के कारण जानकारी में आ रहा है कि अनेक इसकी वजह से अपनी पढ़ाई को विराम दे चुके हैं क्योंकि दूर-दराज के गांव में जाकर सरकारी स्कूल में पढाई करना व गरीब विद्यार्थियों का रोजाना आना जाना दुविधा भरा साबित हो रहा है। खास बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे को उठाने के लिए विधानसभा क्षेत्र स्तर के जनप्रतिनिधि भी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

**■ सांभर सहित आसपास के गांवों के हजारों विद्यार्थियों को 10 से 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है**

इस मामले में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक उम्मीदवार रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याधर चौधरी का कहना है कि इस संदर्भ में मेरे पास सांभर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेंद्र मिश्रा, पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल सक्रवाल व पूर्व नगर अध्यक्ष सीपी व्यास की ओर से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसे मेरी तरफ से शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला को पत्र लिखा जा कर उक्त स्कूल को क्रमोन्नत किए जाने के लिए सिफारिश की गई है। क्षेत्र की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मुझे उम्मीद है शीघ्र ही इसके लिए शिक्षा मंत्री की ओर से आदेश प्रसारित किए जाएंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 12 मई, 2023**

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र दिन 1:03 तक, शुक्ल योग दिन 12:17 तक, बव करण प्रात: 9:07 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:18 पर कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज महापात योग रात्रि 9:33 से रात्रि 2:07 तक है। आज कालाष्टमी है। पंचक रात्रि 12:18 से आरम्भ होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:25 तक, लाभ-अमृत 7:25 से 10:44 तक, शुभ 12:23 से 2:03 तक, चर 7:22 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:01

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मनोबल ऊंचा रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कुंभ**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# ए.एस.आई. व साथी दलाल पैंतीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसके भाई एवं पिता के खिलाफ दर्ज प्रकरण में एफआर लगाने की एवज में रिश्वत मांगी थी

**उदयपुर, (कासं)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट इकाई उदयपुर ने कार्यवाही करते हुए गोवर्धन विलास पुलिस थाने के एएसआई मनोहरलाल व उसके साथी दलाल को परिवादी से पैतीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट इकाई उदयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसे भाई एवं पिता के खिलफ दर्ज प्रकरण में एफआर

- **एसीबी ने कार्यवाही करते हुए गोवर्धन विलास पुलिस थाने के एएसआई व व उसके साथी दलाल को गिरफ्तार किया**


रिश्वत लेते ए.एस.आई. व दलाल गिरफ्तार।

लगाने की एवज में अनुसंधान अधिकारी गोवर्धन विलास थाने के एएसआई मनोहरलाल मीणा एवं उसके दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) शिवलाल के माध्यम से 1 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के काफी अनुनय विनय करने के बाद आरोपी सहायक उप निरीक्षक 50 हजार रूपये रिश्वत राशि पर सहमत हुआ।

इस पर एसीबी के उदयपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट इकाई उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में शिकायतका सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक आदर्श कुमार परिहार मय टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए मनोहरलाल मीणा पुत्र मगनलाल निवासी रायणा फला ऋषभदेव हॉल एएसआई गोवर्धन विलास थाना उदयपुर एवं दलाल प्राईवेट व्यक्ति शिवलाल पुत्र कन्हैयालाल निवासी खाराकुई बलीचा उदयपुर को परिवादी से 35 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## 30 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

- **विरासत के आधार पर भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत मांगी थी**

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने अलवर के टपूकड़ा हल्का मायापुर के पटवारी को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार विरासत के आधार पर भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में स्वयं एवं अपने उच्च अधिकारियों के नाम से 30 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांगने पर एसीबी अलवर प्रथम इकाई ने कार्यवाही करते हुए मायापुर हल्का पटवारी मुन्ना सिंह तहसील टपूकड़ा अलवर को रंगे हाथों दबोचा है।

एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज करायी कि विरासत के आधार पर भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में मुन्ना सिंह पटवारी पटवार हल्का मायापुर टपूकड़ा तहसील जिला अलवर खुद सहित अपने उच्च अधिकारियों के नाम से 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर कार्यवाही करते हुए उपमहानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी अलवर की प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह द्वारा शिकायत का सत्यापन किया गया एवं पुलिस निरीक्षक प्रेमचंद द्वारा टीम सहित पहुंचकर कार्यवाही करते हुए मुन्ना सिंह पुत्र जयलाल सिंह निवासी ग्राम मातलवास तहसील कोटकासिम जिला अलवर को हल्का मायापुर टपूकड़ा तहसील जिला अलवर में परिवादी से 30 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में पटवारी से पूछताछ एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान करने की जानकारी दी गई।

# प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति के आदेश

## अजीबोगरीब मामला, सेवानिवृत के बाद मिला आदेश

- **राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर बैंच जोधपुर ने दिये आदेश**
- **भूजल विभाग जोधपुर का मामला**

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर बैंच जोधपुर ने भूजल विभाग जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत कैलाश बिहारी भटट् को वर्ष 2018-2019की रिक्तियों के विरूद्ध प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान करने का आदेश पारित किया। प्रार्थी कैलाश बिहारी भटट् जो सेवानिवृति से पूर्व जब सहायक प्रशासानिक अधिकारी के पद पर वर्ष 2017 मे कार्यरत थे तब उनको विभाग द्वारा 31 मार्च 2017 के आदेश से एक परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया था। परिनिन्दा के दण्ड के कारण, विभाग द्वारा वर्ष 2016-2017 की रिक्तियों के विरूद्ध सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर जो अन्य कार्मिकों को पदौन्नति प्रदान की गयी उसमें उसे इसी दण्ड के कारण से सम्मिलित नहीं किया गया। एक वर्ष पश्चात यानि वर्ष 2017-2018 में विभाग द्वारा उसे अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति प्रदान कर दी गयी। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर उसे दिनांक 2 जुलाई 2018 को भटट् ने कार्यग्रहण कर लिया।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण के पश्चात उसके विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही या दण्ड प्रदान नहीं करने के उपरांत भी प्रार्थी से कनिष्ठ व्यक्तियों को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति प्रदान कर दी गयी। मगर प्रार्थी को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति प्रदान नहीं की गयी। पदौन्नति प्रदान नहीं करने पर प्रार्थी ने विभाग के समक्ष कई अभ्यावेदन प्रस्तुत किये लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी। 31 मार्च 2020 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर उसे अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद से ही सेवानिवृत कर दिया गया। सेवानिवृति पश्चात उसने विभाग को पुन: अभ्यावेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उसके अपने से कनिष्ठ कर्मचारी को जब प्रशासनिक अधिकारी बनाया है तो मुझे भी प्रशासनिक अधिकारी बनाया जाये। विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की तो भटट् ने अधिकरण के समक्ष अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील प्रस्तुत की। उसके अधिवक्ता का अधिकरण के समक्ष यह तर्क था कि प्रथमतया: प्रार्थी का जो 31 मार्च 2017 को परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया। उसके कारण एक बार पदौन्नति से बाहर किया जा चुका है व अतिरिक्त प्रशसनिक अधिकारी बनने के पश्चात उसे किसी प्रकार के दण्ड से दण्डित नहीं किया गया व ना ही कोई आरोप पत्र (चार्जशीट) दिया गया इसके बावजूद भी उसे प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति नहीं देना विधि विरूद्ध है, क्योंकि उससे कनिष्ठ कार्मिको को वर्ष2018-19की रिक्तियों के विरूद्ध पदौन्नित दी जा चुकी है।

प्रार्थी के अधिवक्ता का दूसरा तर्क यह था कि एक बार के दण्ड से एक बार ही पदौन्नति से बाहर रखा जा सकता है ना कि प्रत्येक बार क्योकि उसे लघु प्रकृति का ही दण्ड दिया गया था। भू-जल विभाग की ओर से जवाब प्रस्तुत करते हुए यह तर्क दिया गया कि प्रार्थी को 2017 परिनिन्दा के दण्ड के कारण ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति प्रदान नहीं की गयी।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्को से सहमत होते हुए अधिकरण ने प्रार्थी को उससे कनिष्ठ अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को जिस दिन प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति प्रदान की गयी उसी दिन से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति देने का आदेश पारित किया गया व यह भी व्यवस्था दी की एक बार लघु प्रकृति का दण्ड देने पर एक बार ही पदौन्नति से बाहर किया जा सकता है ना कि बार-बार।

# शहीद परिवार को मिले नोटिस पर विवाद

**जोधपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल गुरुवार को जोधपुर सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों को लेकर चर्चा की। शेरगढ़ में शहीद परिवार को मिले एसडीएम के नोटिस पर भी उन्होंने सरकार पर सवाल खड़े किए।

बेनीवाल ने कहा कि शेरगढ़ के चाबा में शहीद दमाराम की बेटी की शादी है। उनकी बेटी की शादी में मेरा नाम लिखने पर एसडीएम ने नोटिस दिया। सरकार को बेनीवाल के नाम से जलन होती हैं। इसलिए मैं चाबा भी जाऊंगा। सरकार इस तरह से प्रयास करेंगी तो हमें सड़कों पर निपटना भी आता है। शहीदों के परिवारों को नोटिस देकर डराने का जो प्रयास किया जा रहा है ये कतई बर्दाश्त नहीं होगा। इसमें एसडीएम पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं उस परिवार के लिए मेरा जुड़ाव है। यदि उसने नाम लिख दिया तो सरकार को कोई जलन नहीं होनी चाहिए।

सचिन पायलट को लेकर बेनीवाल ने कहा कि वो यदि अलग पार्टी बनाएं तो आरएलपी और अन्य दल गठबंधन करके चुनाव लड़ें तो हम चुनाव में पहले नंबर पर रहेंगे। इसलिए पायलट को समय के साथ चलना चाहिए। क्योंकि युवाओं में उनका क्रेज है। यदि वो कांग्रेस और बीजेपी को छोड़कर अलग पार्टी बनाते हैं तो हम गठबंधन के लिए तैयार हैं। उन्हें अब देर नहीं करनी चाहिए।

पूर्व सीएम वसुंधरा के नागौर दौरे को लेकर बेनीवाल ने कहा कि जब वो मुख्यमंत्री थी तब उन्होंने 11 लाख तेजा मंदिर में देने की घोषणा की लेकिन दिए नहीं। इसलिए अब मैने ट्वीट कर ये राशि पहले देने की मांग की। साथ ही कहा अब वसुंधरा का जनाधार खिसक गया तो तेजा भक्तों के पास जा रही है। जबकि तेजा भक्तों पर गोलियां उनकी सरकार ने चलाई थी। अब उनका जादू खत्म हो गया। वसुंधरा पर गहलोत के सरकार बचाने के बयान पर कहा मैं हमेशा से कहता था वसुंधरा और गहलोत मिले हुए हैं। गहलोत के इस बयान से इसकी पुष्टि हो गई। मोदी गहलोत के गले मिलने को लेकर कहा पता ही नहीं चल रहा कौन किसका मित्र हैं।

# 'कांग्रेस सरकार के ही मंत्री असंतुष्ट नजर आ रहे हैं'

## जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा

- **'सरकार के खिलाफ यात्राएं निकाल रहे है इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है'**

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार सुबह जोधपुर पहुंचे। जोधपुर पहुंचने पर कई भाजपा नेताओं ने अगवानी कर उनका अभिनंदन किया। बाद में मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। उनके ही मंत्री असंतुष्ट नजर आ रहे है, उनके ही सरकार के खिलाफ यात्राएं निकाल रहे है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।

शेखावत ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री गहलोत ने विधायकों के खरीद फरोख्त के बारे में कह दिया कि जिन विधायकों ने पैसा लिया है वे लौटा दे। कुछ खर्च हो गए है तो वे मदद कर देंगे। शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री जो कि खुद प्रदेश के गृहमंत्री भी है उन्हें ऐसे विधायकों के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। उन विधायकों पर केस भी चलना चाहिए। पूरा मामला भ्रष्टचार की श्रेणी में आता है। शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के कल के भाषण पर ट्वीट कर जो बोला वह अशोभनीय है। आबू में हुआ कार्यक्रम सरकारी था और प्रोटॉकाल के मुताबिक मुख्यमंत्री को वहां हाजिर होना ही था। मगर उन्हें बेतुकी बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने प्रदेश सरकार को गूंगी बहरी सरकार भी कहा।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत दो दिन जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। लोहावट व फलोदी और पोकरण रामदेवरा क्षेत्र में विविध स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## करंट की चपेट से युवक की मौत

**मंडावरी, (निसं)।** कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में एक समारोह के दौरान कैटरिंग का कार्य करने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब कैटरिंग का कार्य करने अग्रवाल धर्मशाला में आया हुआ युवक हारु पुत्र हरकेश सैनी निवासी सुरतपुरा खुद के कार्य में व्यस्त था।

मिली जानकारी के अनुसार जिस समय युवक हारू कैटरिंग संबंधी कार्य कर रहा था। उसी दौरान कहीं बिजली करंट के संपर्क में आ जाने के कारण हादसा घट गया। इसी दौरान बेहोशी की हालत में युवक को जिला अस्पताल मंडावरी ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद युवक हारू को मृत घोषित कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मंडावरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृतक युवक दो भाई एवं दो बहन हैं वह घर की आर्थिक हालत खराब है। परिवार की आर्थिक तंगी के चलते युवक द्वारा सीनियर सेकेंडरी तक में पढ़ाई छोड़कर कैटरिंग व मजदूरी का कार्य किया करता था इसी से युवक के घर खर्च में मदद मिलती थी। वहीं इस मामले को लेकर पीड़ित परिजनों द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है।

# बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग

## वामपंथियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, रैली निकाली

**झुंझुनूं, (निसं)।** गुरूवार को जंतर-मंतर दिल्ली पर कई दिनों से न्याय के लिए धरना दे रही महिला पहलवानों के समर्थन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, जय किसान आंदोलन, राजस्थान किसान सभा, एसएफ आई, डीवाईएफ आई, सीटू व इंकलाबी नौजवान सभा की तरफ से शिक्षक भवन झुंझुनूं से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली।

रैली में बृजभूषण शरण सिंह को अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर गिरफ्तार करो, मोदी सरकार होश में आओ, बलात्कारियों को संरक्षण देना बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। रैली कलेक्ट्रेट पर विरोध सभा में तब्दील हो गई। विरोध सभा की अध्यक्षता के लिए अध्यक्ष मंडल में कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड सुमेर सिंह, कामरेड बिड़दू राम सैनी व कैलाश यादव का चयन किया गया। विरोध सभा की तरफ से जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर जंतर मंतर पर धरना दे रही महिला पहलवान बहन-बेटियों के साथ न्याय करने के लिए यौन आरोपी व पोस्को एक्ट में दर्ज अपराध के लिए भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की।



विभिन्न संगठनों ने शिक्षक भवन से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली।

विरोध सभा को कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड फूलचंद बर्बर, कामरेड रामचंद्र कुलहरि, कामरेड बिड़दूराम सैनी, कामरेड सुमेर सिंह बुडानिया, कामरेड विद्याधर सिंह गिल, कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, अरविंद गढवाल, बजरंग बराला, सुरेश महला, कामरेड गिरधारीलाल महला, कामरेड मदन सिंह यादव, कामरेड बाबूलाल, कामरेड रामनारायण, कामरेड विजेंद्र सिंह कुलहरि, राजेश बिजारणिया, बिलाल कुरैशी, कामरेड रमेश मील, हवलदार रोतास काजला, रामचंद्र टोडरवास, रविंद्र पायल, महीपाल नाथपुर, योगेश कटारिया आदि ने संबोधित किया।

## नाबालिग को दस्तयाब किया

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाने में 8 मई को 17 साल की नाबालिग के अपहरण के मामले में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राजीव पचार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपुर ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी के निकटतम सुपरविजन व थानाधिकारी प्रागपुरा राम पाल शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन कर सहायक उप निरीक्षक दलीप कुमार, महिला कांस्टेबल सुनीता द्वारा तलाश करते हुए विशेष प्रयासों द्वारा नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया गया।

## कारों की भिड़ंत में दो की मौत

- **मां-बेटे सहित छह जने घायल हुए**

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के साबला थाना क्षेत्र में बांसवाड़ा-उदयपुर स्टेट हाइवे पर मुंगेड गांव के पास दो कारें आमने-सामने टकरा गई। हादसे में दोनों कार सवार एक-एक युवक की मौत हो गई। जबकि हादसे में मां-बेटे सहित 6 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का साबला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करवाया है। वहीं मोर्चरी में मृतकों के शवों को रखवाया है।

साबला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि बांसवाडा निवासी चिन्मय दीक्षित अपने पत्नी व बेटे के साथ आसपुर मेहमान आये थे। वहीं वापस कार में सवार होकर बांसवाडा लौट रहे थे। इस दौरान बांसवाडा-उदयपुर स्टेट हाइवे पर मुंगेड गांव के पास उनकी कार सामने से तेज रफ्तार से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में चिन्मय दीक्षित और दूसरी कार सवार अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चिन्मय की पत्नी गर्तिका और उसके बेटे ग्रन्थ सहित दूसरी कार सवार 6 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पर साबला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत साबला अस्पताल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को रेफर किया गया।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार की आशंका को लेकर दो गांवों में हुआ विवाद

## पुलिस ने तीन गांवों में फ्लैगमार्च निकाल 24 जनों को गिरफ्तार किया

- **रातभर पुलिस के अधिकारी व जवान सहित वन विभाग की टीम विवाद के कारण व मोर के अवशेष खंगालती रही**
- **एसटीएफ व पुलिस के जवानों ने तीन गांवों में किया फ्लैगमार्च**

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षेत्र के नमुकियां गांव में बुधवार की रात राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार के लिए हथियारों से लेस युवकों के जंगल में घूमने की आशंका को लेकर टोरडी व नमुकियां गांव के दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन गांवों में फ्लैगमार्च निकाल 24 जनों को आईपीसी की धाराओं में गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी में सामने आया कि बुधवार की देर रात जरिए दूरभाष के नमुकियां गांव के जंगल में हथियारों से लैस युवकों के होने तथा मोर के शिकार किये जाने की सूचना वायरल होने के बाद बड़ी संख्या में दोनों गांवों के लोग आमने-सामने हो गये। नमुकियां के ग्रामीणों को देख भागे युवकों का पीछा करते ग्रामीण टोरडी पहुंच गये व दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम महिपाल सिंह, डीवाईएसपी सुशील मान, थानाधिकारी भूराराम खिलेरी भारी पुलिस जाप्ते के साथ टोरडी पहुंचे। दोनों पक्षों में हो रहे विवाद को शांत कर पूछताछ की तो नमुकियां के ग्रामीणों ने टोरडी निवासी लोगों द्वारा जंगल में मोरों का शिकार करने व हाथों में बंदूक होने की आशंका जताते हुए सारे मामले से अवगत करवाया।



टोरडी व नमुकियां में दो पक्षों में हुए विवाद व झूठी अफवाह पर 24 जनों को गिरफ्तार किया।

एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर पुलिस जाप्ता बुला वन विभाग की टीम के साथ कुछ मकानों की तलाशी ली गई तथा रातभर ग्रामीणों के साथ बताये स्थानों पर जंगल में विवाद के कारण व मोर के शिकार की आशंका पर मोरों के अवशेष खंगालते रहे। लेकिन किसी प्रकार का कोई अवशेष नहीं मिला। झूठी सुचना वायरल करने के चलते रातभर पुलिस जागती रही तो जंगल-जंगल में भटकती रही। दो पक्षों में विवाद व शिकार की झूठी सूचना वायरल करने के साथ-साथ झूठी सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल जाने तथा तरह-तरह की चर्चा व आशंकाओं को देखते हुए शांति व कानून व्यवस्था की दृष्टि से गुरूवार की सवेरे टोरडी पहुंचे एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने प्रशिक्षु आरपीएस रवि शर्मा व कृतिका यादव सहित एसटीएफ व पुलिस के जवानों के साथ टोरडी, नमुकिया व डुंगरीकलां गांव में फ्लैगमार्च निकाल मौके से तीन मोटरसाईकिले जप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 लोगों को आईपीसी की धाराओं मे गिरफ्तार किया गया।


**गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय**
बाँसवाड़ा-327001 (राज.) मो. 91-7357477123

क्रमांक : एफ( ) गो.गु.ज.वि./बांस/2023/पीटीईटी/26 दिनांक : 11.05.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**
**पीटीईटी-2023**

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा द्वारा पीटीईटी परीक्षा-2023 का आयोजन 21 मई, 2023 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जा रहा है। जिसके लिए अभ्यर्थियों को निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैं :-

1. परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र (Admit Card) विश्वविद्यालय की वेबसाइट (ggtu.ac.in) पर दिनांक 15 मई, 2023 से प्राप्त किये जा सकेंगे।
2. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा समय 11:00 बजे से 1 घंटा पूर्व अर्थात् प्रात: 10:00 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
3. अभ्यर्थी परीक्षा दिवस को सरकार द्वारा जारी फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र यथा आधार कार्ड, वोटर आई.डी. अथवा ड्राईविंग लाईसेंस एवं प्रवेश-पत्र के आधार पर ही नियत समयावधि में पहचान सुनिश्चित होने पर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश देय होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के बिना प्रवेश देय नहीं होगा।
4. परीक्षा 3 घंटे की ऑफलाइन मोड पर होगी जिसमें अभ्यर्थी को ओएमआर पर नीले अथवा काले पारदर्शी बॉलपेन से प्रश्न संख्या के अनुसार ही गोले को काला अथवा नीला करना होगा।
5. **परीक्षा योजना निम्न रहेगी :-**
   प्रश्न पत्र में चार खण्ड होगें।
   (अ) मानसिक योग्याता : 50 प्रश्न (प्रश्न संख्या 1 से 50 तक)
   (ब) शिक्षण अभिवृत्ति : 50 प्रश्न (प्रश्न संख्या 51 से 100 तक)
   (स) सामान्य जागरूकता : 50 प्रश्न (प्रश्न संख्या 101 से 150 तक)
   (ब) हिन्दी या अंग्रेजी : 50 प्रश्न (प्रश्न संख्या 151 से 200 तक)
6. भाग अ, स, द में सही उत्तर हेतु 3 अंक देय हैं।
7. भाग 'ब' में उत्तर वरीयता अनुसार 3, 2, 1, 0 अंक देय होंगे।
8. **परीक्षा में ऋणात्मक अंकन का प्रावधान नहीं है।**
9. परीक्षार्थी परीक्षा उपरांत मूल ओएमआर शीट वीक्षक को जमा कराएंगे एवं ओएमआर की कार्बन प्रति एवं मूल प्रश्न पत्र पुस्तिका साथ ले जा सकेंगे।
10. परीक्षा उपरांत आवेदन पत्र प्रविष्ठि संबंधि त्रुटि सुधार का अवसर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को निर्धारित शुल्क द्वारा यह सुविधा देय होगी।

**परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के लिए निम्नानुसार ड्रेस कोड रहेगा**

1. पुरूष अभ्यर्थी आधी आस्तिन के शर्ट/टी-शर्ट, पेन्ट एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर आएँगें।
2. महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तिन का कुर्ता/ब्लाउज, हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर एवं बालो में साधारण रबर बेंड लगाकर आएँगी।
3. परीक्षार्थियों को वेषभूषा में किसी भी प्रकार के आभूषण अथवा जेवरात एवं कोई भी ताबीज़, धागा पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी प्रकार के मेटल की कोई वस्तु साथ में नहीं होगी।
4. परीक्षा में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लूटूथ, इयरफोन, गैजेट लाना पूर्णतया निषेध होगा।

**समन्वयक**
**पीटीईटी परीक्षा-2023**

## पन्द्रह किलो प्लास्टिक जब्त

जयपुर, (का.सं.)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देशन में उपायुक्त स्वास्थ आशीष कुमार के नेतृत्व में निगम हैरिटेज के स्वास्थ दस्ते ने पिछले तीन दिनों में विभिन्न बाजारों में जाकर पॉलीथीन रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की।

गुर्जर ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत निगम के स्वास्थ दस्ते ने विभिन्न बाजारों में जाकर दुकानदारों से 15 किलो पॉलीथीन जब्त करते हुये 1 लाख 23 हजार 300 का कैरिंग चार्ज वसूला। महापौर ने कहा कि जयपुर को पॉलीथीन व प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए निगम हैरिटेज द्वारा कैनवास के बेग जनता में वितरित किये जा रहे हैं जिनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने पर प्लास्टिक के उपयोग में कमी आएगी व इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव हम सब जयपुरवासी उठा पायेंगे।

# नगर निगम जयपुर ग्रेटर का सहायक राजस्व अधिकारी 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा



- आरोपी परिवादी से उसके कोचिंग संस्थान के विज्ञापन होर्डिंग-बोर्ड नहीं हटाने तथा जब्त किये गये बोर्ड बिना कार्रवाई के लौटाने के एवज में मासिक बंधी एक लाख रुपए मांग रहा था।
- एसीबी की टीम ने आरोपी के घर की तलाशी में पांच लाख से ज्यादा की नगद राशि जब्त की है।

**जयपुर**,(कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर मुख्यालय की एसआईडब्ल्यू टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए नगर निगम जयपुर ग्रेटर के सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी को परिवादी ने शिकायत की थी। उसने बताया कि उसके कोचिंग संस्थान के विज्ञापन होर्डिंग-बोर्ड नहीं हटाने तथा जब्त किये गये बोर्ड बिना कार्रवाई के लौटाने के एवज में नगर निगम जयपुर ग्रेटर के सहायक राजस्व अधिकारी दीपचंद सैनी मासिक बन्धी के रूप में प्रतिमाह एक लाख रूपये की मांग कर रहा है। परिवादी के काफी अनुनय करने पर आरोपी एआरओ दीपचंद सैनी प्रतिमाह 25 हजार रूपये मासिक बन्धी के लिये तैयार हो गया।

एसीबी एसआईडब्ल्यू टीम जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई की गई। पीड़ित ने निगम मुख्यालय पहुंच कर आरोपी को फोन कर कहा कि वह पैसा लेकर आ गया है इस पर आरोपी पैसा लेने के लिए निगम मुख्यालय के मुख्य गेट पर पहुंचा और पैसा लेकर वापस लौटने लगा। इस दौरान एसीबी ने दीपचंद सैनी को रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपी सहायक राजस्व अधिकारी के कब्जे से कोचिंग संस्थान के पूर्व में जब्त किये 20 बोर्ड बरामद किए हैं। साथ ही उसके आवास की तलाशी में पांच लाख रुपये से अधिक नगद राशि बरामद की गई है। फिलहाल एसीबी की टीम सहायक राजस्व दीपचंद सैनी से पूछताछ करने में जुटी है।

## पर्स व मोबाइल स्नैचिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। राजधानी की जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पर्स-मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्नैचिंग किया गया पर्स, जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त चोरी की एक बाइक भी जब्त की गई है। आरोपित के खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक लूट के मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस ने बताया कि नशा और शौक-मौज की पूर्ति के लिए पर्स-मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले शातिर स्नैचर वाहिद उर्फ फाम (30) निवासी गलता गेट को गिरफ्तार किया है। आरोपित वारदात को अंजाम देने के लिए पहले वाहन चुराता है और फिर चुराए गए वाहन से जयपुर शहर में स्नेचिंग की वारदात करता है।

# नगदी और जेवरात के साथ दो चोर गिरफ्तार

- जवाहर नगर थाना पुलिस ने लाखों रुपए का चोरी का माल बरामद किया

जयपुर। जवाहर नगर थाना पुलिस ने दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने इन दोनों बदमाशों के पास से चोरी किए हुए 19 हजार रुपए, 2 किलो चांदी के जेवरात और सिक्के बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने शहर में आधा दर्जन से अधिक चोरी की बड़ी वारदात की हैं। पुलिस ने दोनों कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया हैं।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि जयपुर शहर में बढ़ती हुई चोरी व नकबजनी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा आरोपियों को पकडने के लिए थाना पुलिस को टास्क दिया हुआ था। 6 मई को नरेन्द्र पहाडिया निवासी टीला नं. 7 कच्ची बस्ती ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दी कि वह अपने परिवार के साथ शादी में गया हुआ।

घर सूना होने से बदमाशों ने लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने वारदात करने वाले बदमाशों की पहचान की। बदमाशों की पहचान महेश बर्मन उर्फ छोटू व सहिदूल मिया के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने कई जगहों पर रेड कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं आए। गुरूवार को पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर दोनों को दबोच लिया।

पुलिस ने उनसे चुराए गए हजारों रूपये सहित चांदी के जेवरात बरामद किए गए है। जांच पड़ताल में सामने आया कि दोनों ही शातिर नकबजन है और जयपुर शहर के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## वाहन चोरी करने वाले दो चोर पकड़े

जयपुर। राजधानी की बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (पूर्व) डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। फिलहाल वाहन चोरों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर(पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गिरोह के शातिर वाहन चोर विशाल सिंह (21) निवासी झालाना डूंगरी और विकास उर्फ विक्की उर्फ हरियाणा (20) निवासी नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा हाल झालाना डूंगरी गांधी नगर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपियों ने दो से तीन महीनों में जयपुर शहर के बजाज नगर, झोटवाड़ा, जवाहर सर्किल थाना इलाकों सहित अन्य स्थानों से आधा दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन चोरी करने की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। गिरफ्तार आरोपी नशा करने के आदि है और नशा का शौक पूरा करने के लिए दुपहिया वाहन चुरा कर उन्हे औने-पौने दामों में बेच कर नशे का शौक पूरा करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 111 नर्सिंग ऑफिसर का सम्मान




**मानसरोवर स्थित तक्षशिला इंस्टिट्यूट में गुरूवार को नर्सिंग ऑफिसरों को सम्मानित किया।**

**जयपुर**। राजधानी के मानसरोवर स्थित तक्षशिला इंस्टिट्यूट के सेमिनार हॉल में गुरूवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सरकारी व निजी क्षेत्र उत्कृष्ट कार्यो के लिये 111 नर्सिंग ऑफिसर को सम्मानित किया गया। प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की पूर्व संध्या पर नर्सिंग कॉलेज प्रिंसीपल, व्याख्याता, नर्सिंग ट्यूटर्स, जनाना हॉस्पिटल ओपीडी प्रभारी व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रमेश सैनी, नर्सिंग ऑफिसर कपिस शर्मा, इमरान अंसारी और विनिता शेखावत के साथ 111 सरकारी और प्राइवेट नर्सिंग ऑफिसर्स को चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एस.एस.अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष टीएनएआई सुनीता मिश्रा मौजूद रही।

## क्रमिक अनशन 57 वें दिन भी जारी

**जयपुर**। राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन गुरूवार को 57वें दिन भी जारी रहा।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि बीमा विभाग के रवि शर्मा के नेतृत्व में छोटेलाल मीणा, नाथूलाल मीणा, संदीप माथुर और लोकेश मीणा 24 घंटे के क्रामिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेंद्र सिंह धायल, देवेंद्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवाडी, सतीश शर्मा, शेर सिंह यादव, सत्येंद्र यादव, कुलदीप शर्मा, जितेन्द्र भारद्वाज, सुभाष लुघरिया, विनोद शर्मा, अशोक कुमार, विनय पारीक, सर्वेशर शर्मा और अमर परमार सहित अन्य कर्मचारी अनशन पर बैठे।

# मोदी सरकार आने के बाद देश में बम ब्लास्ट जैसी आतंकी घटनाएं बंद हुई : चतुर्वेदी

- 'जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट की पंद्रहवीं बरसी पर होगा धरना-प्रदर्शन और हनुमान चालीसा का पाठ'

**जयपुर**। 13 मई 2008 को हुए सीरीयल बम ब्लास्ट की पंद्रहवी बरसी को लेकर प्रदेश कार्यालय में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर सहित डिप्टी महापौर पुनीत कर्णावत ने नगर निगम वार्ड पार्षदों और मंडल अध्यक्षों की बैठक ली।

बैठक में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा हमेशा आंतकवाद, नक्सलवाद और आतंकियों के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करती है। केंद्र की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है देश में बम ब्लास्ट जैसी घटनाएं होना एकदम बंद हो गई। हमारी प्राथमिकताएं देश में आतंक के खिलाफ लड़ाई आमजन से जोड़ने और आतंकी ताकतों का वजूद खत्म करने की रही है।

बैठक में अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि गहलोत सरकार द्वारा बम ब्लास्ट के दोषियों के संरक्षण करने और कोर्ट में कमजोर पैरवी के चलते चारों आरोपी हाईकोर्ट से बरी हुए हैं। कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होने कहा कि साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रेश को फंसाने का दुस्साहस भी कांग्रेस पूर्व में कर चुकी है।

जयपुर बम ब्लास्ट की पंद्रहवी बरसी पर 13 मई के संबंध में अध्यक्षों और पार्षदों को जयपुर के सभी 250 वार्डों में दोपहर बारह बजे से एक बजे तक धरना-प्रदर्शन करने और उसके बाद स्थानीय मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करने के निर्देश देते हुए आतंक के खिलाफ लड़ाई को जनविषय बनाकर आमजन से जोड़ने को कहा।

इस अवसर पर बैठक में जिला महामंत्री कुलवंत सिंह, नगर निगम गार्डन समिति चेयरमैन राखी राठौड और जिला मंत्री राजेश तांबी सहित पार्षद और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# आतंकियों का सम्मान और देशभक्तों को कोसना कांग्रेस के पतन का कारण:जोशी

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने गहलोत के द्वारा आर.एस.एस को फांसीवादी बताने पर किया पलटवार

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमन्त्री गहलोत को भाजपा और संघ को फांसीवादी कहने और पुलिस द्वारा विधायक मदन दिलावर पर हत्या के षड्यंत्र की एफआईआर दर्ज करने के मामले पर कहा कांग्रेस सरकार वेंटिलेंटर पर है, लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही।

महाराष्ट्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर बेतुका बयान देते हुए भाजपा और संघ को फ़ासिस्ट कहने पर जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को आर.एस.एस. का फोबिया है, इसलिए उनके नेता आर.एस.एस. पर लगातार उल्टे-सीधे आरोप लगाते रहते हैं।

देश पर जब भी कोई विपत्ति आती है तब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता हमेशा देश के लिए तत्पर रहते है। संघ के कार्यकर्ता एक सैनिक की तरह बिना भेदभाव के समाज में हमेशा अपनी भूमिका निष्ठा से निभाते है। वहीं नेतृत्वहीन कांग्रेस एक परिवार के प्रति समर्पित बिखरे हुए संगठन से अधिक कुछ नहीं है। आतंकियों का सम्मान और देशभक्तों को कोसना कांग्रेस के पतन का कारण है।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा गहलोत स्वयं के गिरबान में झांक कर देखे इनकी सरकार के विधायक इन्हें फासिस्ट होने का आरोप लगा रहे हैं। यह अपने आप को मेवाड़ का गांधी कहलवाते है।

लेकिन कुर्सी की लड़ाई में पूरे पांच साल निकाल दिए। 2023 के चुनाव में अपनी होने वाली हार से भयभीत गहलोत, राहुल गांधी की नज़र में आने के लिए कुछ भी बोल रहे हैं, जबकि मोदी जी ने देश में जो विकास के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सीपी जोशी ने कहा कांग्रेस के कुशासन में प्रदेश की जनता त्रस्त है गहलोत सरकार को विधानसभा चुनावों में अपनी हार दिखाई दे रही है, इसी कारण बोखलाहट में सरकार धाराओं को बदल कर जीवित आदमी के मामले में भाजपा विधायक मदन दिलवार को हत्या के झूठे मुकदमे में फंसा रही है।

उन्होंने कहा कांग्रेस राज में सामान्य टिप्पणी पर 302 का मुकदमा दर्ज होता है और प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा ही प्रधानमंत्री मोदी को मारने वाले बयान दिए जाते है। कांग्रेस राज के चलते 2008 के बम धमाकों में बेगुनाह लोगों को मारने वाले भी बाइज्जत बरी हो रहे हैं।

## 'गहलोत की तारीफ़ में मेरे लिए सद्भावना नहीं, दुर्भावना'

नागौर/जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि 2003 से लेकर अब तक अशोक गहलोत को कभी बहुमत नहीं मिला।इसलिए वे मुझे अपना सबसे बड़ा शत्रु और उनकी राह में काँटा मानते हैं। इसलिए उनकी तारीफ़ में मेरे लिए सद्भावना नहीं, दुर्भावना है, जैसे मुख में राम बग़ल में छुरी। उन्होंने सोच समझ कर मुझे नुक़सान पहुँचाने के लिए ऐसा बोला है। वरना वे तो 20 साल से मेरे ख़िलाफ़ अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा बोलते आ रहे हैं जिसे भूली नहीं हूँ मैं। राजे ने कहा राजनीति में दो क़िस्म के लोग हैं। एक कर्मवीर, दूसरा बयान वीर। बयान वीर बयान देने और कर्म वीर काम करने में माहिर होते हैं। बयान वीर कांग्रेस में खूब है, भाजपा में नहीं।

## सार-समाचार

### स्टूडेंट ने की आत्महत्या

**जयपुर**। राजधानी के बिंदायका इलाके में कॉलेज स्टूडेंट ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। मरने से पहले उसने फेसबुक पर सुसाइड नोट लिखा। सुसाइड नोट में एक लड़का-लड़की का जिक्र किया है। लड़के के ब्लैकमेलिंग में लड़की के साथ देने से दुखी होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। बिंदायका थाने में युवक के मामा की ओर से गुरुवार को सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया गया है। जानकारी के अनुसार खोराबीसल की कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी अजय सिंह सोढा (23) ने सुसाइड किया है। वह अपने मम्मी-पापा और छोटे भाई गौरव के साथ यहां रहता था। अजय सिंह प्राइवेट कॉलेज से बीए फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। बुधवार सुबह अजय और चचेरा भाई गौरव अलग-अलग बाइक से अपने-अपने कॉलेज सेंटर्स पर एग्जाम देने गए थे। दोपहर करीब 12 बजे अजय ने कनकपुरा हाथोज फाटक के पास ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। एक व्यक्ति ने गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस से हॉस्पिटल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान दोपहर करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। मरने से पहले अजय ने फेसबुक पर सुसाइड नोट लिखा था। दोपहर करीब 11.30 बजे फेसबुक पर सुसाइड नोट की पोस्ट डाली। जिसे चचेरे भाई गौरव ने पढ़ने के बाद घर कॉल कर अजय के आने के बारे में पूछा। घर नहीं पहुंचने का पता चलने पर उसको कॉल लगाया। अजय का मोबाइल नंबर बंद आ रहा था। बार-बार कॉन्टैक्ट करने की कोशिश करने पर एक व्यक्ति ने कॉल उठाया। कॉल उठाने वाले से उसका नाम पूछा तो उसने बताने से मना कर दिया। कहा कि जिसका मोबाइल है उसकी ट्रेन की टक्कर लगने से चोट आई है। मृतक के मामा भंवर सिंह ने फेसबुक पर डाले सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। मरने से पहले फेसबुक पर अजय ने सुसाइड नोट लिखा।

### मनोज मीना दुब्बी सम्मानित होंगे

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीना (दुब्बी) अंतराष्ट्रीय नर्सेज़ दिवस पर फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से 12 मई को सम्मानित होंगे। सवाई माधोपुर ज़िले के दुब्बी गाँव निवासी नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीना (दुब्बी) के द्वारा रक्तदान एवं लावारिश मरीजों की सेवा सहित नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय पुरष्कार समारोह निदेशक अराजपत्रित सुरेश नवल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं और रजिस्ट्रार नर्सिंग काउंसलिंग शशिकांत शर्मा द्वारा बिरला ऑडीटोरियम में होगा।

### विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित

**जयपुर**। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की मांग पर राज्य सरकार ने अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह में भाग लेने वाले नर्सेज के लिए 12 मई को एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया है। इसको लेकर गुरूवार को निदेशक अराजपत्रित सुरेश नवल ने आदेश जारी किए हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सभी जिलों में एसोसिएशन द्वारा जिला और तहसील स्तर पर नर्सेज दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर पर राज्य भर के नर्सेज आधुनिक नर्सिंग प्रोफेशन की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्म दिवस को नर को नारायण मान कर सेवा करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि जयपुर जिले के नर्सेज राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम में मनाए जा रहे मुख्य समारोह में भाग लेंगे।

### सम्मान समारोह का आयोजन

**जयपुर**। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की ओर से 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर बिड़ला ऑडिटोरियम में दोपहर दो बजे से राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम अध्यक्ष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना, विशिष्ट अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी एवं निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. आर पी माथुर होंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राजकीय एवं निजी संस्थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठतम नर्सिंग कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। शाम 5:30 बजे से सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### गैंग के तीन बदमाश दबोचे

**जयपुर**। राजधानी की चौमूं थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात्रि के समय हाईवे पर लूटपाट करने वाले गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के तीन लुटेरों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटे गए आईफोन, स्मार्ट वॉच, पर्स सहित लूट की वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि जगवीर सिंह उर्फ कालू (29), अरुण शर्मा उर्फ स्किन्त (22) और युवराज शर्मा उर्फ सोनू (19)को गिरफ्तार किया है। तीनों ही आरोपित थोई जिला सीकर के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की वारदात के दौरान लोगों को धमकाने और डराने के उपयोग में लिया गया देसी कट्टा और जिंदा कारतूस सहित आईफोन, स्मार्ट वॉच, पर्स और लूट की वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी जगवीर सिंह उर्फ कालू के खिलाफ वर्ष 2015 में अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और अन्य कई मामले चौमू थाने में दर्ज है जिसमें वह फरार चल रहा था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### झुलसने से अधेड़ की मौत



**जयपुर**। राजधानी के विधायकपुरी इलाके में अशोक नगर स्थित जय क्लब में एक अधेड़ के झुलसने से उसकी इलाज के दौरान एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस ने उसके शव को मुर्दाघर में रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को एसएमएस अस्पताल से सूचना मिली कि एक 40 वर्षीय व्यक्ति जय क्लब में झुलस गया है। उसे इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसके अगले दिन 7 मई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस पर पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि मृतक जाति से मुसलमान है। उसका पूरा शरीर जला हुआ है। लम्बाई करीब 5 फीट 7 इंच है। रंग काला और दाढ़ी बड़ी हुई है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वित्तीय साक्षरता पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी

**जयपुर**, (का.सं.)। स्कूली विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राजस्थान के सभी जिलों के राजकीय विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक पी. एम. बुनकर ने बताया कि जयपुर जिले में ब्लॉक स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांचवा झोटवाड़ा में किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी में जिलों के सभी ब्लॉकों के राजकीय विद्यालयों के आठवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रश्नोत्तरी में प्रथम तीन विजेताओं को सम्मानित किया गया है।

# अतिक्रमण हटाकर दो दिन में सात ट्रक सामान किया जब्त

- 6 लोगों की 19 हजार रू. की रसीद काटी

**जयपुर**, (का.सं.)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देशन में अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने बुधवार और गुरूवार को हैरिटेज क्षेत्र में कड़ी कार्रवाई की। महापौर ने बताया अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने विभिन्न बाजारों में जाकर अवैध अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त कर उनसें कैरिंग चार्ज वसूला। गुर्जर ने कहा जयपुर को अतिक्रमण मुक्त करने के लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर रूप से निगम का अतिक्रमण दस्ता परकोटे के भिन्न-भिन्न जगहों पर जाकर कार्रवाई कर रहा एवं जयपुर को अतिक्रमण मुक्त करना निगम के साथ-साथ जयपुरवासियों का भी कर्तव्य है। उन्होंने कहा बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर, रोटरी सर्किल, गोविंद मार्ग, गलता गेट तक कार्रवाई करते हुए 3 ट्रक सामान जब्त करते हुए 4 लोगों से 13 हजार रू. की रसीद काटी।

इसके अतिरिक्त गुरूवार एम.आई. रोड, इंद्रा बाजार जलेबी चैक, गोविंद देव जी मंदिर के आस-पास इलाके में जाकर अतिक्रमण की कार्रवाई करते हुए 4 ट्रक सामान जब्त किया साथ ही 2 लोगों से 6 हजार रू.की रसीद काटी।




**नगर निगम हेरिटेज जयपुर के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर, रोटरी सर्किल, गोविन्द मार्ग और गलता गेट तक कार्यवाई कर अस्थाई अतिक्रमण हटवाया।**

## कर्मचारी की सेवा खत्म करने से पहले अनुमति जरूरी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक मामले में राजस्थान गैर सरकारी सेवा संस्था अधिकरण के फैसले को बहाल रखते हुए व्यवस्था दी है कि गैर अनुदानित संस्था के कर्मचारी की सेवा खत्म करने से पहले शिक्षा निदेशक की अनुमति लेना जरूरी है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश माहेश्वरी पब्लिक स्कूल की याचिका को खारिज करते हुए दिए।

मामले के अनुसार मधु सोनी की नियुक्ति 4 अप्रैल 1996 को प्राइमरी अध्यापक के पद पर हुई। उसे 27 सितंबर 2004 को 6 महीने का वेतन देकर सेवा से अलग कर दिया गया। इसके खिलाफ मधु ने राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण में अपील की। अधिकरण ने उसके पक्ष में फैसला देते हुए उसकी सेवा खत्म करने वाले आदेश को निरस्त कर पुनः बहाली का निर्देश दिया।

# तीन बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

जयपुर। जेडीए द्वारा कार्यवाही करते हुए जोन-12 गैर अनुमोदित आवासीय योजना अंशिका विहार, जयपुर के आवासीय भूखण्ड संख्या-63 से 72 तक में बिल्डर द्वारा व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जीरो सेटबेक पर बिना जविप्रा की अनुमति-स्वीकृति के बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर बनाये गये 10 विलाज के अवैध निर्माण को पुनः पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

जोन-8 में जविप्रा स्वामित्व की बेशकीमती करीब 3 बीघा सरकारी भूमि पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को ध्वस्त एवं आवासीय योजना पत्रकार कॉलोनी में जेडीए स्वामित्व के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस 1 से एस 20 तक व इसके पास ही पार्क की सरकारी भूमि लगभग 3500 वर्गगज पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार जोन-5 जविप्रा से अनुमोदित मानचित्र के विपरित पीछे के सेटबेक में 2 फीट का वायलेशन कर भूखण्ड में तीनो तरफ स्वीकृत नक्शे के विपरीत 2 फीट अतिरिक्त अवैध बालकनी निकाल ऊपर कवर कर 4 मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग में नक्शे के विपरीत किये गये अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण की कार्यवाही।

कार्यवाही के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश प्रस्तुत करने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को रोकनी पड़ी। प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय में जविप्रा का सटीकता, पूर्णता से पक्ष रखकर प्रभावी पैरवी कर निर्णयोपरांत अग्रिम विधिसम्मत कार्यवाही की जावेंगी।



## Lupus Awareness Month



Lupus may sound like an exotic, rare disease, but it's not one to be overlooked. Like many other life-threatening autoimmune diseases, it is important to know the early warning signs of Lupus so that any sufferers may begin battling it early on, even though it's a very tough disease to identify. Lupus Awareness Month is observed in May and aims to increase understanding amongst the general public - not just medical professionals - of what this disease can do and why it's so key to know the facts.



PN Bhandari in conversation with Shailaza Singh.

# A different sort of meet with the ziddi administrator



**Shailaza Singh**
*Published author, poet and a YouTuber*

Recently, a book talk was organized by Rashtradoot at Sudharma, Jaipur. The PN Bhandari, a retired IAS officer and former additional chief secretary of Rajasthan talked about his book 'Commitment and Creativity' and answered questions about his life and works.

A number of people including ex IAS officers, retired lawyers, journalists attended the programme. Many of them had seen and met Bhandari during his tenure in Jaipur and other places. They talked about his honesty and his acumen to find practical solutions to even the most difficult of problems by using creativity and bending the rules to provide justice to people.

Many even asked him about why despite his commitment to his work, he could not make become a chief secretary. When this question was posed by someone, Bhandari laughingly replied that becoming a chief secretary was not that big a deal because a chief secretary is often a slave of the system and protocols. He said that from the time he had joined the IAS, he had considered himself no less than a chief secretary and did not need anyone's permission to deliver justice to the common man. Though he said it in jest, it was quite obvious that he could not become the chief secretary because of his uncompromising attitude, no matter where the pressure came from. Another tongue-in-cheek comment from former bureaucrat that though he was good at simplifying operational process but wasn't so adept at conceptualizing at a higher level.

Many of the members of the audience were intrigued and wondered why such a man who was so well known for his integrity and honesty was not transferred to Delhi, where these qualities would have found a good reception. However, some of these questions would perhaps never find an answer out of propriety and many such factors.

Despite all these questions, most of the members of the audience were unanimously appreciative about his hard work, his honesty, his conviction and out-of-the-box thinking. Many of them even thanked him for helping them to grow as professionals in the formative years of their careers. All-in-all, the evening was about celebrating an administrator who believed not in rules but in providing solutions to the common man for his problems.



PN Bhandari interacting with guests.



Maj Chandrakant Singh clarifying a point.



Senior Journalist Prakash Bhandari asking a question.



Rajendra Bhanawat and other Members of the audience intercting with PN Bhandari.

## #CURTAIN RAISER

# Unleashing the Magic of Ballet





**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

Among the many forms of dance that captivate the human imagination, ballet stands as a timeless art form that has transcended generations. Originating in the lavish courts of Renaissance Italy and further refined in the grand theaters of France and Russia, ballet is a graceful and ethereal dance style that weaves together technique, storytelling, and the sheer poetry of movement.

With its origins dating back to the 15th century, ballet has evolved into a highly disciplined dance form characterized by its exquisite precision, fluidity, and expressive movements. Dancers undergo years of rigorous training, mastering intricate footwork, elaborate pirouettes, and breathtaking leaps that seem to defy gravity.

In Jaipur, the Ballet Exposé has been instrumental in bringing this magical dance form to the forefront of the city's cultural landscape. Taking place on May 12 at the Maharana Pratap Auditorium in Jaipur, the 8th edition of Ballet Exposé revolves around the theme 'In conversation with Dance,' delving into the profound connection between movement and creativity. The event promises to be a captivating display of emotions expressed through the art of ballet and Latin dance forms, accompanied by enchanting Latin, Classical, and Bollywood melodies.

The driving force behind this event is Adittee Somani Mansingka, the Founder of Stripes Dance Company. She has a deep passion for promoting uniqueness in the minds of both children and adults alike. She emphasizes the importance of breaking free from conventions and encourages dancers to unleash their innermost emotions, enabling them to perform with heart and soul.


This year, the show will feature extraordinary ballet and Kathak fusion dance sequences, brought to life by talented participants between the age of 5 years to 45 years. Adding a touch of uniqueness, the audience will be treated to a spellbinding Nataraj Vandana performance presented in the ballet and Kathak fusion style.

**Day & Date:** Friday, 12 May
**Time:** 7 pm - 8 pm
**Venue:** Maharana Pratap Auditorium



A London newspaper 'Daily Chronicle' wrote: "This stately procession of our India Fighting men was indeed a revelation to all who saw it, to all, that is to say, who have never been to India itself; these 'Grand Men' of the East by reason of their physique, their artistic beauty of form and feature, their martial mien and dignity of bearing, reminding one of the figures on the tablets of Babylon, Greece and Imperial Rome. To be perfectly honest, some of the Anglo volunteers who brought up the rear of the procession, seemed to belong to an inferior race! From an aesthetic and even physical point of view- not to a conquering but conquered race by comparison with all these splendid warlike castes and tribes of Hindustan."

# Kachori Jalebi Missing At Hampton Court (...2)



Indians being received by King Edward in the garden of Buckingham palace.



**Maj Chandrakant Singh VrC** (Retd)
*Military Historian*

## #CHRONICLE

On the night of 23 May 1903 we left Deolali camp by a special train for Bombay Harbour which we reached on 24th morning. The train stopped near the barracks located at the harbour. Here doctors examined us for plague which had been prevalent in the country for some years, before we boarded SS Hardinge for the voyage and occupied the berths earmarked for us. Although the ship was large but because there were about fifteen hundred troops it was very crowded and uncomfortable. But just three years earlier having travelled by SS Palamcotta from Calcutta to China I was used to sea voyages and life on board a ship.

The best places were occupied by the whites and Christian volunteers. As the King himself was a Christian favoured treatment for Christian troops was not surprising. We also loaded up rations for the voyage which included sheep for Muslim and Christians. When the tide returned, we hauled up the anchor and set sail. After a few days we entered the Red sea and we see Africa on one side and Arabia on the other.

### Suez Canal

The English had learned from the Romans that India was the source of spices and other valuable products they desired. But the voyage to India via Cape of Good Hope was long and took six months and even with the advent of steamships it took three months. So they were in search of a shorter route. They found an answer in the Suez Canal which linked the Mediterranean Sea to the Red Sea cutting the voyage to less than a month. But the canal is narrow and shallow and two ships cannot pass abreast of each other and it has to be constantly dredged as it keeps filling up with sand. The feat accomplished by Ferdinand Lesseps is comparable to the feat of Bhagirath who brought the Ganga down from heaven. After crossing the Suez Cana we entered the Mediterranean Sea and then past Gibraltar finally entered the Atlantic Ocean and reached South Hampton where we docked.

### Arrival in England

At South Hampton we were received by the dignitaries of the town including the Lord Mayor and Aldermen. The public also came out in large numbers to see us when we boarded the train that would take us to Hampton Court in London. On getting off the train at the station we had to march through the streets for about an hour before we reached Hampton Court Palace in whose garden out houses we were lodged. When we were marching through the town it appeared as if the whole of London had come to see us. The pavement was jam packed with spectators. During the journey we had to adjust our watches constantly to set new timings every day.

In England we were the guests of the King Emperor and as such we were treated accordingly by officials and public. During our stay at Hampton Court we learnt of King Henry VIII and Cardinal Wolsey and the role they played in the history of England. We also saw the palace from inside and admired the magnificent rooms and the paintings on the wall and ceiling. We also learnt of the revolution by Cromwell and the execution of King Charles.



King Edward embraces the Prince of Wales.



Edward VII in coronation robes.



The Anointing of Queen Alexandra at the Coronation of Edward VII.

### Camp Life in Hampton Court Palace Gardens

The gardens were very big and beautifully laid out and always lush green. All facilities for our rest, recreation and comfort were made available. Separate arrangements for cooking food were made for different communities and the quality of food was very good. English sightseers were not allowed to enter the camp but crowds of men and women would peer at us over the boundary wall and some of our men would talk with them and they would be very happy with that.

Some of them who had served in India before and could speak in Hindi would bring their friends with them. They told us that they missed eating Kachoris and jalebi. Unfortunately we could not meet their demand and had to tell them that our cooks could only make dal and chapatis. Some of them questioned us as to why we kept such cooks. They did not know that on a salary of four rupees a month what more could we expect from our cooks.

Some sepoys would even tell the bitter truth. That thanks to your country having taken away all our wealth, those days are gone when in India we fed elephants and horses with milk and jalebis, now not only can we not afford jalebis but are forced to eat your left overs. (jootha)

### Coronation Postponed and Sightseeing

On the 24th June just two days before the coronation we were attending a show at the royal Aquarium when the show was interrupted and an announcement was made that King Edward had taken seriously ill, the show was stopped and the coronation had been postponed to August. The King was known to be both a gourmet and gourmand. Over indulgence with lobster and mayonnaise at a dinner had given him the bug and he was in acute distress. We returned to our camp. A couple of days later a 'yagya' was performed at our camp for the King's quick recovery and wellbeing.

Having more than a month to spare, we were able to do the sights of London and other towns. We visited the Houses of Parliament, Tower of London, St James Palace and the Horse Guards, Guildhall, Bank of England, Buckingham Palace and the Crystal Palace. What I found most interesting was the British Museum where treasures from all over the world had been collected and put on display. I also found Kew Gardens and Zoological Gardens very fascinating for here were collected specimens of all flora and fauna of the world. We also had time to visit Manchester, Liverpool and Brighton and saw the Pavilion there which looks like an Indian palace. On a couple of occasions I took time to eat out. For two Annas I could get a plate of mutton, roast potatoes and bread.

In Liverpool we learnt of the prevalence of the horrific practice of 'baby farming', it was a custom in England where the custody of unwanted babies was given to individuals and institutions and a lump sum payment made for their upkeep. One such baby farm couple in Liverpool was earning over 50,000 British pounds a year. These children were kept in horrific conditions and most died due to neglect, malnutrition and illness. The practice had been banned only a couple of years earlier, but the Maulvi of Medina Masjid Home still had some children in his custody.

In the Tower of London were collected jewels from all over the world which formed a part of the Royal Treasure. An Englishman by the name of Fry said:-"in the inner room the visitor will be able to form some idea of India's jewels. The value of this collection is almost inestimable"


During our stay at Hampton Court Gardens we were visited by several members of the Royal Family like Queen Alexandra and the Prince and Princess of Wales and dignitaries. Indian Maharajahs, high government officials and the Duke of Connaught who was the younger brother of King Edward, he was also the commander in Chief in India.

The coronation was now to be held on 9 August 1903. The King of England is crowned on a throne which is place on top of a slab of stone called the Stone of Scone. According to legend it was brought to Ireland from Spain about three thousand years ago and from there it was taken to Scotland. It was the seat on which all Scottish Kings were crowned. It was brought to England by Henry VIII and since then all Kings have been crowned seated on it. (Some years ago the Stone was returned by Queen Elizabeth to Scotland but has been brought back temporarily for Charles coronation.)

A couple of days before the Coronation an announcement was made by the King:-

"On the eve of my coronation, an event which I look upon as one of the most solemn and important event in my life., I am anxious to express to my people at Home and in the colonies and in India my heartfelt appreciation of the deep sympathy they have manifested towards me during the time that my life was in imminent danger. The postponement of the ceremony owing to my illness caused, I fear, much inconvenience and trouble to all those who intended to, celebrate it.....the prayers of my people were heard and I now offer up my deepest gratitude to Divine Providence for having preserved my life to fulfill the important duties which devolved upon me as sovereign of this Great Empire."

The main ceremony of the coronation took place inside Westminster Abbey The Archbishop of Canterbury first administered the oath to the King:



Indian soldiers at Westminster.



Queen Alexandra.

"Will you solemnly promise and swear to govern the people of this United kingdom of great Britain and Ireland and the dominions, according to the statutes in Parliament agreed on, and the respective laws and customs of the same." The King: "I will." The Archbishop then placed the crown on King Edward's head the declared: "Sirs, before you stands the King, King Edward of this land. Say do your homage bring. All yew ho round me stand."


The first to declare his homage was the Prince of Wales: "I, George Prince of Wales, do become your liege man for life and limb and of earthly, worship and faith and trust I will bear unto you, to live and die, against all manner of folks. So help me God."

After the coronation at the Abbey we marched back to Buckingham Palace with the King and queen in the State Coach. A London newspaper 'Daily Chronicle' wrote: "This stately procession of our India Fighting men was indeed a revelation to all who saw it, to all, that is to say, who have never been to India itself; these 'Grand Men' of the East by reason of their physique, their artistic beauty of form and feature, their martial mien and dignity of bearing, reminding one of the figures on the tablets of Babylon, Greece and Imperial Rome. To be perfectly honest, some of the Anglo volunteers who brought up the rear of the procession, seemed to belong to an inferior race! From an aesthetic and even physical point of view-not to a conquering but conquered race by comparison with all these splendid warlike castes and tribes of Hindustan."

***Concluded.***

rajeshsharma1049@gmail.com

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# छह लाख की लूट का पर्दाफाश, तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

## चार दिन पहले एक निजी बैंक फाइनेंस कम्पनी के ऑफिस में चाकू की नोक पर छह लाख रुपए की लूट हुई थी

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ कस्बे में 4 दिन पहले एक निजी बैंक फाइनेंस कम्पनी के ऑफिस में चाकू की नोक हुई 6 लाख रुपए की लूट की वारदात का गुरुवार को मांडलगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस घटना में बैंक के फाइनेन्स ऑफिसर ने योजना बनाकर अपने भाई व एक रिश्तेदार युवक को शामिल कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी और लूट की वारदात में प्रयुक्त बाइक व अन्य सामग्री को बरामद किया है।

मांडलगढ़ थानाधिकारी मनोज सिंह चौधरी ने बताया कि भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा के निर्देशन एवं मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक कीर्ति सिंह के सुपरविजन में इस वारदात को लेकर विशेष टीम का गठन किया गया। मांडलगढ़ थानाधिकारी मनोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने

- **आरोपियों से 5.48 लाख की नकदी और वारदात में प्रयुक्त बाइक व अन्य सामग्री बरामद**

वारदात को चुनोती के रूप में लिया। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज, घटना का बनाया गया वीडियो फुटेज का विश्लेषण किया गया। घटना के वक्त मौजूद बैंक कर्मियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई। उक्त वारदात में सामने आया कि निजी बैंक के फाइनेन्स ऑफिसर आरोपी विक्रम सिंह राठौड़ के परिवार पर कर्ज चढ़ा हुआ होने से बैंक में कलेक्शन राशि पर उसका ईमान डोल गया। तब लूट की वारदात को प्लान बनाया।



पुलिस ने लूट के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पिता ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया

## पिता ने बताया कि बीती रात को उसकी पत्नी की बेटी से फोन पर बात हुई थी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बाग़ोर थाना क्षेत्र के बावलास गांव में एक विवाहिता की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने बेटी की हत्या करने या उसे परेशान कर मरने को मजबूर करने के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार कीरखेड़ा, मांडल निवासी शांतिलाल कीर की बेटी गणी की शादी 2008 में बावलास निवासी श्यामलाल कीर के साथ हुई थी। उसके 4 साल और दो साल के दो बेटे हैं। कीर ने बताया कि बीती रात को उसकी पत्नी की बेटी से फोन पर बात हुई थी, तब तक वह राजीखुशी थी। गणी ने आज मांडल में शादी के कार्यक्रम में आने की बात भी कही थी। आज सुबह गणी के ससुराल से फोन आया कि उसकी नाडी नहीं चल रही है। इस पर उसने सोचा कि गरमी से बीमार हो गई होगी तो उसने ससुराल वालों से उसे डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा, लेकिन वे डॉक्टर के पास नहीं ले गये। उसे घर पर ही लेटा दिया। इसके बाद वह, खुद वैन किराये लेकर बावलास गया, इससे पहले बागौर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां गणी की लाश घर में फर्श पर लिटा रखी थी। पिता शांतिलाल ने बताया कि जब उसने बेटी के गले को देखा तो उस पर फांसी के निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वे जब बावलास पहुंचे तब तक ससुराल वाले गणी का दाह-संस्कार करने की तेयारी में थे। गणी के पति सहित ससुराल वालों पर गणी को मारने या उसे परेशान कर मरने को मबजूर करने के आरोप पिता ने पुलिस के सामने लगाए हैं।

बागौर थाना प्रभारी मोतीलाल रायका ने बताया कि शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। परिजनों ने अभी कोई रिपोर्ट नहीं दी। पिता ने जुबानी आरोप ससुराल पक्ष पर लगाते हुये कहा कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मार दिया या मरने के लिए मजबूर किया है। पुलिस रिपोर्ट आने पर मामले की अग्रिम कार्यवाही शुरू करेगी।

# 10 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना अधिकारी डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टॉगस के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन फ्लैश आउट अभियान के तहत थाने के उपनिरीक्षक यदुवीर सिंह मय टीम कांस्टेबल राजेश, रामनरेश, सुरेंद्र सिंह, जय भारत, सरकारी जीप चालक जसवंत सिंह, गश्त के दौरान बरखेड़ा पुल से आगे मोड पर पहुंचे तो गंगापुर मोड़ की तरफ से करौली की ओर एक युवक पैदल पैदल आ रहा था। उन्होंने बताया कि संदिग्ध युवक फारुख उर्फ शाहरूख पुत्र मुन्ना खान 24 निवासी चौड़ा गांव थाना सपोटरा को गिरफ्तार किया गया एवं उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 10 ग्राम स्मैक को जप्त कर लिया। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर थाने पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच करौली सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह को दी गई है।

# सांसद राहुल कस्वां ने पैसेन्जर ट्रेन को किया रवाना

**सादुलपुर, (निसं)।** सांसद राहुल कस्वां ने जयपुर-लोहारू पैसेन्जर ट्रेन के भठिण्डा तक विस्तार होने पर शाम पांच बजे सिद्धमुख स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। वहीं इसी दौरान

- **जयपुर से बठिंडा चलने वाली ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया**

ग्रामीणों ने सिद्धमुख रेलवे स्टेशन पर काफी संख्या में पहुंचकर जयपुर से बठिंडा चलने वाली ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इसी दौरान चूरू सांसद राहुल कस्वां ने सादुलपुर से ट्रेन में सफर किया। जिस पर सिद्धमुख पहुंचने पर सांसद राहुल कस्वा का ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

सांसद कस्वां ने बताया कि रेल मंत्री से कई बार मुलाकात करने के बाद ग्रामीणों की माँग पर ट्रेन का स्टॉपेज सिद्धमुख में करवाया दिया गया है। वहीं ट्रेन के सिद्धमुख में ठहराव को लेकर ग्रामीणों ने सांसद राहुल कस्वा का आभार प्रकट करते हुए कहा ग्रामीणों को जीत हुई। सांसद कस्वा ने कहा कि हमारी जब तक सरकार रहेगी, हम ग्रामीणों की आवाज को बुलंद करते रहेंगे। इस मौके पर सांसद राहुल कस्वा ने सादुलपुर से तहसील भादरा तक ट्रेन में सफर किया। इस अवसर पर हरलाल ज्याणी, हरि सिंह रणवा, युवा नेता सरपंच सुनील कुमार इंदौरिया, भरत सिंह झाझडिया, विक्रम भाटी, नरेश महला, अशोक जांगिड, राकेश इंदौरिया, सुरजा राम पूनिया, प्रभु राम, दारा सिंह, रण सिंह मुंडभ्भीमसाना सहित सैकडों की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



जयपुर-लोहारू पैसेन्जर ट्रेन के भठिण्डा तक विस्तार होने पर सिद्धमुख स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद राहुल कस्वा।

## बाइक चोरी करने वाले दो गिरफ्तार


**लालसोट, (निसं)।** थाना क्षेत्र के डिगो ग्राम में एक विवाह में बाराती बनकर आए दो युवकों को विवाह स्थल से बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनुसंधान अधिकारी हरी सिंह ने बताया कि घटना 22 अप्रेल को थाना क्षेत्र के डिगो गांव में लक्ष्मी नारायण कीर के परिवार में एक शादी विवाह समारोह के दौरान नेट वाड़ा गांव से आई बरात के अशोक मेहरा एवं प्रकाश मेहरा निवासि कीरो का मोहल्ला छावनी टोक द्वारा बाइक चोरी कर ली गई थी। बाइक चोरी के मामले को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लालसोट थाने में पीड़ित द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों को चिन्हित करने के लिए तकनीकी अनुसंधान एवं मुखबिर तंत्र का उपयोग किया गया। अनुसंधान के दौरान दोनों युवकों को संदिग्ध मानते हुए तलाश की गई तो पाया गया कि इन युवकों के खिलाफ टोंक जिले में बाइक चोरी के करीब चार मामले पहले से ही दर्ज हैं। वहीं युवकों को थाना क्षेत्र के जमात चौराहे से डिटेन कर कड़ी पूछताछ के बाद उनके द्वारा विवाह समारोह से बाइक चोरी करना कबूल लिया गया एवं बाइक चोरी के आरोपी युवकों की निशानदेही पर उनके कब्जे से एक चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई।

# ओवरलोड डम्पर दे रहे हादसों को न्यौता, परिवहन विभाग मौन

## ये ट्रक सुजानगढ़ के अशोक सर्किल, छापर तिराहे से होते हुए परिवहन विभाग के सामने से गुजरते हैं

**सुजानगढ़, (निसं)।** खनन क्षेत्र लोडसर, गोपालपुरा से ओवरलोड होकर डंफर, ट्रक, ट्रोले बेरोकटोक शहर के अंदर प्रवेश कर अशोक सर्किल से छापर रोड की और गुजर रहे हैं। नियमित गुजरने वाले डंफर से शहर में हादसों का भय बना हुआ है। ये ट्रक सुजानगढ़ के अशोक सर्किल, छापर तिराहे से होते हुए परिवहन विभाग के सामने से गुजर रहे हैं। लेकिन परिवहन विभाग ने आंखें मूंद रखी है।

अशोक सर्किल के पास के दुकानदारों का कहना है ओवरलोड वाहनों से सडक पर गिट्टी, पत्थर गिरते हैं, जिस कारण कई बार बाईक चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। जबकि छोटे वाहनों का ग्लास टूट जाता है। स्थानीय लोगों ने कथित तौर से क्रेशर मालिकों, वाहन चालकों की परिवहन विभाग के साथ मीलिभगत के आरोप लगाये हैं। जगदीशनाथ सिद्ध ने कहा कि डंपर चालक परिवहन विभाग के नियमों को धता बताते हुए बैखोफ उनके सामने से ही गुजर रहे हैं, लेकिन विभाग उन पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। परिवहन अधिकारी राजेश स्वामी का कहना है कि खनन क्षेत्र के समस्त वाहन ई-रवन्ना लेकर रवाना होते हैं। ओवरलोड होने पर वे नियमानुसार समय-समय पर कार्रवाई करते हैं। उन्होनें कहा कि वे वाहन चालकों को ढककर आने के लिये पांबद करते रहते हैं। लेकिन हकीकत में स्थिति ये है की सड़क पर ये डंपर चालक, यमराज की तरह दौड़ रहे हैं।



सुजानगढ़ के छापर मार्ग पर एक साथ ओवरलोड वाहन।

## लापता मिस्त्री का शव मिला

**सुजानगढ़, (निसं)।** नाथो तालाब में गुरूवार सुबह पानी में तैरता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान नाथो तालाब निवासी शंकर लाल पुत्र बजरंगलाल भार्गव के रूप में हुई। मृतक के शव को सीआई मुकुट बिहारी मीणा की मौजूदगी में हारे का सहारा टीम के सदस्य श्याम सुन्दर स्वर्णकार, पार्षद प्रतिनिधि राकेश प्रजापत, एम्बुलेंस चालक मोहनलाल, विनोद सैन की मदद से पानी मे तैर रहे शव को बाहर निकालकर राजकीय बगडिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक शंकरलाल मोटरसाईकिल मिस्त्री था।

# युवक ने रचाया प्रेम विवाह, समाज ने परिवार को बहिष्कृत किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती जाजीवाल कलां स्थित बोरावास के एक युवक द्वारा प्रेम विवाह रचाना भारी पड़ गया। इसका परिणाम परिवार को भुगतना पड़ रहा है। समाज के पंचों ने परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया।

पीड़ित ने न्यायालय की शरण लेकर अब बनाड़ थाने में पंचों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने जांच आरंभ की है। बनाड़ पुलिस थाने में बोरावास जाजीवाल कलां निवासी भागीरथ मेघवाल की तरफ से मामला

- **परिवार पर 21 लाख का अर्थदंड लगाया**
- **पीड़ित समाज के पंचों के खिलाफ थाने पहुंचे**

दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसके छोटे भाई मनोहर ने 19 नवंबर 2019 को एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह आर्य समाज में किया गया। जिस बात को लेकर उसके समाज के सरपंच धनाराम, आदूराम सोहनलाल, जगदीश और मोहनराम आदि ने मिलकर 21 लाख अर्थ दंड के साथ समाज से बहिष्कृत कर दिया। उसके परिवार के समाज के लोगों से मिलने भी नहीं दिया जाता और ना ही धार्मिक स्थानों पर प्रवेश दिया जाता है। समाज के उक्त लोग छुआछूत सा व्यवहार कर रहे हैं। बनाड़ पुलिस ने बताया कि घटना में मामला दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम जांच एएसआई जीवणराम की तरफ से की जा रही है।

## बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग

**सुजानगढ़, (निसं)।** दिल्ली के जतंर-मतंर पर पहलवानों के समर्थन में गुरूवार को उपखण्ड कार्यालय के सामने अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सर पर काली पट्टी बांधकर सैंकड़ों लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया। उपखण्ड कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम सौंपे गये ज्ञापन में प्रदर्शन कर रहे किसान सभा के सदस्यों ने डब्लयूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी कर पद से हटाने की मांग की। इससे पहले किसान सभा के पदाधिकारियों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर खिलाड़ियों को न्याय दिलाने की मांग की।


# हत्या के प्रयास के दोषियों को जेल

**हनुमानगढ़, (निसं)।** हत्या प्रयास के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने जनों को दोषी ठहराते हुए 5-5 साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या एक हनुमानगढ़ रवि प्रकाश सुथार ने हत्या के प्रयास के मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए दो जनों को दोषी ठहराते हुए 5-5 साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही 9 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए।

अपर लोक अभियोजक रिछपाल सिंह चहल ने बताया कि मामला 2019 का जंक्शन पुलिस थाने का है। रिपोर्ट के अनुसार रशीद अहमद निवासी रोड़ांवाली ने 29 अक्टूबर 2019 को जंक्शन पुलिस थाने में प्रार्थना-पत्र सौंपकर बताया कि उसके बेटे आबिद के साथ अल्ला रखा और आलम ने लोहे की रॉड और कापे से वार कर गंभीर चोटें मारी। आबिद को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने आरोपी अल्ला रखा पुत्र हनीफ और आलम पुत्र नूर नबी निवासी रोड़ांवाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान के बाद धारा 307, 323, 341, 325, 34 में अपराध प्रमाणित मान चालान पेश किया।

कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 10 गवाह पेश किए गए और 20 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए। सुनवाई के बाद न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या एक हनुमानगढ़ रवि प्रकाश सुथार ने आरोपी अल्ला रखा और आलम को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। उन्हें आईपीसी की धारा 323 में 6 महीने का कारावास, 1 हजार रुपए जुर्माना, धारा 325 में 2 साल कारावास, 3 हजार रुपए जुर्माना, धारा 341 में 1 माह कारावास, 500 रुपए जुर्माना, धारा 307 में 5 साल कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। कुल जुर्माना 9 हजार 500 रुपए लगाया है।

# आग से पाइप का गोदाम राख



आग के बाद उठता धुंआ।

**ब्यावर (निसं)।** मसूदा रोड वार्ड नंबर 53, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में फेसेलिटी क्षेत्र में रखे प्लास्टिक के पाइप के गोदाम में आग लग गई। बताया जा रहा है कि शाम करीब पांच बजे आग लगनी शुरू हो गई थी। हाउसिंग बोर्ड की फेसेलिटी में निजी फर्म इंद्रप्रस्थ गैस के पाइप का गोदाम बनाया हुआ है जो सम्भवतया आवासन मंडल की सहमति से दिया गया है।

आग लगने की सूचना पर तहसीलदार मोहन सिंह राजावत, अग्नि शमन विभाग, पुलिस प्रशासन, पार्षद निर्मल, कुलदीप बोहरा आदि घटना स्थल पर पहुंचे। हवा के कारण गोदाम से सटे मकान की दीवार तक भी आग की लपटे पहुंच गई जिससे दरवाज़े, खिड़की आदि भी क्षतिग्रस्त हो गए जबकि छत से नीचे आने वाले प्लास्टिक के पाइप पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए।

आग लगने के समय घर में सभी सो रहे थे उन्हें जगाकर आग की सूचना दी जिस पर सभी सदस्य घर के बाहर आ गए और एक वृद्धा को चददर में लपेटकर बाहर लाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से घर में रखे सभी गैस सिलेंडरों को भी बाहर रखवा दिया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि पूर्व में भी इसी जगह खड़े ट्रक में भरे प्लास्टिक के पाइप जो इसी कम्पनी के थे आग लगी थी बावजूद इसके सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किये गए।

# लोगों ने सोच ही लिया है, राजस्थान में बदलाव लाकर ही रहेंगे : वसुंधरा राजे

## वीर तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल में राजे ने तेजाजी के मंदिर में दर्शन किए

**नागौर, (निसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुरुवार को नागौर जिले के दौरे पर रही। राजे ने लोक देवता वीर तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल में तेजाजी मंदिर में दर्शन व पूजा करने के बाद पैनोरमा स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित किया। राजे ने कहा कि आज तो मैं आपको प्यार देने आई हूं, आपको यह कहने आई हूं कि मैं आपसे दूर नहीं हूं, आपके साथ ही हूं।

उन्होंने कहा कि मैं जाटों के बीच बैटी हूं, मैं आपकी बहू हूं, आपके घर की एक सदस्य हूं। इसलिए परिवार के लोग कभी दूर नहीं होते, हां कभी-कभार छोटी-छोटी दीवारें आ जाती हैं, लेकिन आप जब भी बुलाओंगे, मैं आपके साथ खड़ी रहूंगी, आपको डरने की जरूरत नहीं है। राजे ने कहा कि हम चाहते हैं नागौर, जो राजस्थान का धड़कता हुआ दिल है, उस नागौर के लोग इतने मजबूत हो जाएं कि अपने बलबूते पर खड़े हो सकें। यह क्षेत्र राजस्थान को दिशा दिखाने का काम करेगा। राजे ने यह भी कहा कि जब आप लोगों ने यह तय कर लिया है तो हम छाती पर पैर रखकर आएंगे और यहां बदलाव लाकर ही छोड़ेंगे।


इसके बाद राजे ताऊसर स्थित अपने पूर्वज श्रीमंत जयप्पाजी राव सिंधिया स्मारक (हप्पाजी छतरी) पर दर्शन करने पहुंची। यहां माली समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने हमारे पूर्वजों के स्मारक को संभाला, जैसे परिवार के लोग संभालते हैं, यह हमारे और आपके बीच में एक भाई-बहन का रिश्ता बनाता है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे जोधपुर रोड से जिले की सीमा में प्रवेश किया, जहां जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। वीर तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल में राजे ने तेजाजी के मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए 21 लाख का सहयोग भी दिया। राजे ने कालवी गांव जाकर लोकेन्द्रसिंह कालवी को श्रद्धांजलि दी तथा खाटू में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

बेनीवाल का गढ होने के चलते खरनाल में पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे। ये जगहाजिर है कि बेनीवाल राजे को लेकर लगातार बयानबाजी करते रहते है। नागौर सांसद का आरोप है कि सीएम अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे का पुराना गठजोड़ है। 15 साल बाद राजे को तेजाजी याद आए है, लेकिन यहां कि जनता उनके बहकावे में नहीं आएगी। बेनीवाल के तंज के बाद नागौर के खरनाल स्थित तेजाजी मंदिर पहुंचीं वसुंधरा राजे ने करारा जवाब देते हुए मंदिर ट्रस्ट को 11 लाख की बजाय 21 लाख रुपए दिए। वहीं युनुस खान ने भी एक लाख रुपए दिए।

- **पूर्व सीएम वसुंधरा राजे गुरुवार को नागौर जिले के दौरे पर रही**



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



मेरे लिए सुनील नारायण अब भी शानदार खिलाड़ी है, हो सकता है कि उनकी फ्रेंचाइजी में बदलाव करने से वह तरोताजा हो जाएं, कौन जानता है? - डेरेन गंगा

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान, सुनील नारायण को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### किदाम्बी श्रीकांत

**पेरिस** ओलंपिक को ध्यान में रखकर भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने इंडोनेशिया के कोच विम्पी नाहार्डी की सेवायें लेने का फैसला किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 की क्वालीफिकेशन अवधि एक मई से शुरू हो रही है। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रीकांत ने अपने खेल में सुधार के लिये यह फैसला लिया है। उन्होंने पीटीआई से कहा, मैं दिसंबर 2021 में एगस के जाने के बाद से एक कोच की तलाश में था। अब मेरे पास इंडोनेशियाई कोच विम्पी नाहार्डी हैं। मैं उनसे तब मिला था जब तीन सप्ताह के लिये इंडोनेशिया गया था। वह अप्रैल के आखिरी सप्ताह में भारत आ गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## इटैलियन ओपन : फोगनीनी ने मरे को हराया, वावरिंका भी जीते

रोम, 11 मई। फाबियो फोगनीनी ने 35 साल के दो खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में एंडी मरे को लगभग तीन घंटे में हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। पैर की चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले फोगनीनी ने मरे को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। फोगनीनी ने मरे के 24 के मुकाबले 49 विनर लगाए। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी स्टेन वावरिंका को इल्या इवाश्का को 6-2, 6-4 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। बारिश के कारण यह मुकाबला 90 मिनट के विलंब से शुरू हुआ। वावरिंका 38 साल के हैं और टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी हैं। एलेक्सांद्र बुबलिक, क्रिस्टियन गेरिन, मार्टन फुकसोविक्स और सबेस्टियन बेइज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। चीन के यू यिबिंग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में लेसिया सुरेंको ने दो बार की चैंपियन यूक्रेन की हमवतन एलिना स्वितोलिना को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्लोएन स्टीफंस ने नादिया पोडोरोस्का को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी और अगले दौर में उनकी भिड़ंत 14वीं वरीय विक्टोरिया अजारेंका से होगी।

## पहले दौर के चार मैचों की मेजबानी नहीं मिलने पर एसीसी छोड़ देगा पाक

कराची, 11 मई। पाकिस्तान में एशिया कप के कुछ मैचों की मेजबानी करने को व्याकुल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को उसे पहले दौर के चार मैचों की मेजबानी देने के लिये मना रहा है वरना वह एसीसी से बाहर निकल जायेगा। पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी का 'हाइब्रिड मॉडल' अन्य सदस्य देशों ने खारिज कर दिया जिसके तहत पाकिस्तान भारत के खिलाफ मैचों के अलावा अपने घरेलू मैच अपने देश में ही खेलता। पीसीबी ने एशिया कप श्रीलंका में कराने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। एक विश्वस्त सूत्र ने बताया," नजम सेठी ने हाइब्रिड मॉडल के प्लान बी के तहत दुबई में इस सप्ताह एसीसी के सामने प्रस्ताव रखा है कि उसे चार मैचों की मेजबानी दे दी जाये।" उन्होंने कहा कि एसीसी को सेठी ने यह भी बताया है कि प्लान बी खारिज होने पर पाकिस्तान एशिया कप में नहीं खेलेगा और एशियाई क्रिकेट परिषद से भी बाहर हो जायेगा।

## अतानु दास 'टॉप्स' में पुनः शामिल हुए

नयी दिल्ली, 11 मई। ओलंपियन तीरंदाज़ और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अतानु दास को घरेलू आयोजनों एवं तीरंदाजी विश्व कप अंताल्या में उनके हालिया प्रदर्शन के बाद युवा मामले और खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी सूचना दी। विश्व कप में पुरुषों की रिकर्व एकल रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल करने के लिए 673 अंक हासिल करने वाले अतानु लगभग डेढ़ साल बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रहे थे। अतानु के अलावा राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट जीतने वाली निशानेबाज़ मेहुली घोष और कैरो विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य जीतने वाली 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन को भी टॉप्स में शामिल किया गया है। टॉप्स कोर और डेवलपमेंट सूची में कुल 27 नये नाम शामिल किये गये, जिससे अब टॉप्स एथलीटों की कुल संख्या 270 (कोर में 101, डेवलपमेंट में 269) हो गयी है।

## एएफसी एशिया कप के ग्रुप-बी में भारत

दोहा, 11 मई। भारत को गुरुवार को यहां कटारा ओपेरा हाउस में आयोजित एएफसी एशियाई कप 2023 के ड्रॉ में ग्रुप बी में जगह दी गयी। भारत को ग्रुप में चौथा स्थान (बी4) मिला है। ऑस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है। भारत ने पहली बार एशियाई कप के लगातार दो संस्करणों के लिये क्वालीफाई किया है। एशियाई कप के क्वालीफायर टूर्नामेंट में फिलीपींस के फिलिस्तीन से हारने के बाद भारत ने हांगकांग के खिलाफ अपने आखिरी क्वालीफाइंग मैच से पहले ही मुख्य टूर्नामेंट में जगह बना ली थी। ड्रॉ के दौरान अंतरराष्ट्रीय रेफरी योशिमी यामाशिता, पूर्व फुटबॉलर टिम काहिल, हसन अल हयदोस, पार्क जी-सुंग, सर्वर जेपरोव, सन वेन और भारतीय महिला टीम की कोच मेमोल रॉकी मौजूद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने ड्रॉ के बाद कहा, फुटबॉल के मामले में एशिया एक लंबा सफर तय कर चुका है। हमने इससे पहले उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेला है और हम यहां फिर से उनके खिलाफ खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फीफा विश्व कप से पहले भी कतर में काफी समय बिताया है और इंटर-कॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में पेरू पर पेनल्टी-शूटआउट जीत के साथ एशियाई कप में अपनी जगह पक्की की है। अर्नोल्ड ने कहा, यह (कतर) पिछले कुछ वर्षों से ऑस्ट्रेलिया के लिए घर से दूर एक घर रहा है और हम एशियाई कप जीतना चाहते हैं। यह एएफसी एशियाई कप में भारत की पांचवीं उपस्थिति होगी। इससे पहले भारतीय टीम 1964, 1984, 2011 और 2019 में महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भाग ले चुकी है। वह 1964 में उपविजेता भी रहा था। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने ड्रॉ से पहले कहा था।

# चहल, जायसवाल ने लिखी राजस्थान रॉयल्स के वर्चस्व की कहानी

## जायसवाल ने 13 गेंद में लगाया आईपीएल का सबसे तेज अर्द्धशतक



कोलकाता, 11 मई। अनुभवी लेग-स्पिनर युज़वेंद्र चहल (25/4) की घातक गेंदबाजी के बाद युवा प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (98 नाबाद) के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मुकाबले में केकेआर को नौ विकेट से रौंद दिया।

केकेआर वेंकटेश अय्यर (42 गेंद, 57 रन) के जुझारू अर्द्धशतक की मदद से रॉयल्स के सामने 150 रन का लक्ष्य ही रख सकी। जायसवाल अपने दूसरे आईपीएल शतक तक नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होंने कप्तान संजू सैमसन (48 नाबाद) के साथ मिलकर रॉयल्स को 13.1 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

जायसवाल ने अपनी आतिशी बल्लेबाज़ी से ईडन गार्डन को रौशन करते हुए 47 गेंद पर 13 चौकों और पांच छक्कों के साथ नाबाद 98 रन बनाये, जबकि सैमसन ने 29 गेंद पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 48 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले चहल ने आईपीएल में सर्वाधिक विकेट चटकाने का रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने आईपीएल के 143 मैचों में कुल 187 विकेट चटकाकर चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो (183) को पीछे छोड़ दिया है। रॉयल्स इस जीत के बाद 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि सातवें स्थान पर मौजूद केकेआर 12 मैचों में सातवीं हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है।

रॉयल्स के सामने 150 रन का मामूली लक्ष्य रखने के बाद केकेआर को ईडन की धीमी पिच से मदद की उम्मीद थी। कप्तान नीतीश राणा ने अपनी ऑफ-स्पिन के साथ केकेआर की गेंदबाजी की शुरुआत की, हालांकि यह पैंतरा उनपर उल्टा पड़ गया। जायसवाल ने नीतीश के इस ओवर में 26 रन जोड़कर विकेट पर अपने पांव जमा लिये। अगले ओवर में जॉस बटलर भले ही रनआउट हो गये, लेकिन जायसवाल की आंधी ने केकेआर को बेबस कर दिया। इस युवा बल्लेबाज ने 13 गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज अर्द्धशतक पूरा करते हुए रॉयल्स को पावरप्ले में 78 रन तक पहुंचाया। रॉयल्स को जब जीत के लिये तीन रन की जरूरत थी तब जायसवाल 94 रन पर खेल रहे थे। सैमसन ने 13वें ओवर की आखिरी गेंद डॉट खेलकर जायसवाल को शतक पूरा करने का मौका दिया, हालांकि जायसवाल ने शतक की परवाह किये बिना 14वें ओवर की पहली ही गेंद पर चौका जड़कर रॉयल्स की जीत पर मुहर लगायी।

## आत्मविश्वास से भरे मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

मुंबई, 11 मई आत्मविश्वास से भरी मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में शुक्रवार को यहां जब अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के सामने होगी तो दोनों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहली बार मुंबई इंडियन्स की टीम प्रभावी नजर आ रही है और मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

मुंबई ने आरसीबी के 200 रन के लक्ष्य को 17 ओवर के भीतर ही हासिल कर लिया जो दर्शाता है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम कितना मजबूत है। टीम ने हालांकि नेट रन रेट में इजाफा करने के लिए लगातार दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया। टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और पिछली पांच पारियां में दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे हैं लेकिन इसके बावजूद मुंबई के बल्लेबाजों ने वानखेड़े स्टेडियम में तीन प्रयास में दो बार 200 या इससे अधिक के लक्ष्य को हासिल किया। यहां तक कि पंजाब किंग्स के खिलाफ भी मुंबई ने 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 201 रन बनाए थे।

मुंबई के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी चिंता रोहित की फॉर्म नहीं बल्कि टीम की गेंदबाजी है। टीम के खिलाफ लगातार चार मैच में 200 से अधिक रन बने जबकि आरसीबी की टीम भी 199 रन बनाने में सफल रही। पिछले तीन मैच में विरोधी टीमों ने सपाट विकेट और बल्लेबाजी के अनुकूल हालात का फायदा उठाते हुए मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट पर 214, सात विकेट पर 212 और छह विकेट पर 199 रन बनाए और गुजरात टाइटंस की नजरें भी बड़े स्कोर पर टिकी होंगी। मुंबई की टीम ने आरसीबी के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गुजरात टाइटंस के पास आरसीबी के विपरीत निचले क्रम में फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार यादव की 35 गेंद में 83 रन की पारी और नेहल वढेरा के दूसरे अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की लेकिन टीम को पता है कि वे शीर्ष पर चल रहे गजरात टाइटंस के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरत सकते।

सूर्यकुमार की फॉर्म में वापसी मुंबई के लिए सबसे सकारात्मक चीज है जबकि इशान किशन, कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और तिलक वर्मा ने भी टीम के लिए उपयोगी पारियां खेली हैं। यह देखना होगा कि वर्मा शुक्रवार को होने वाले मुकाबले के लिए फिट होते हैं या नहीं। मैच में काफी कुछ हालांकि इस पर भी निर्भर करेगा कि मुंबई के बल्लेबाज गुजरात के अफगानिस्तान के दो स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद के आठ ओवरों में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

गुजरात ने 11 में से आठ मुकाबले जीते हैं और प्ले ऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर खड़ी है। कप्तान हार्दिक पंड्या और आशीष नेहरा इस साल भी खिलाड़ियों की सफलता के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में सफल रहे हैं जिससे टीम लगातार दूसरे साल खिताब की मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है। गुजरात टाइटंस ने इस साल विरोधी के मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है और उसे अब तक तीनों हार अहमदाबाद के अपने घरेलू मैदान पर मिली हैं। शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा की गुजरात की सलामी जोड़ी अच्छी फॉर्म में है और बड़ा स्कोर खड़ा करने का मंच तैयार कर रही है। हार्दिक और डेविड मिलर ने भी बल्ले से प्रभावित किया है जबकि निचले क्रम में राहुल तेवतिया की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत करती है।

## काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन पर आये पहलवान

नयी दिल्ली,11 मई। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों ने प्रदर्शन के 18वें दिन गुरुवार को अपने बाज़ुओं और माथे पर काली पट्टी बांधकर अपना रोष जताया। जंतर-मंतर पर विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और अन्य पहलवानों ने काली पट्टी बांधी तथा 11 मई को 'काला दिवस' करार दिया।

## चहल बने आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

कोलकाता,11 मई। राजस्थान रॉयल्स के लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल गुरुवार को ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये।

चहल ने मैच के अपने पहले ही ओवर में केकेआर के कप्तान नीतीश राणा का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। चहल के नाम अब 143 मैचों में 184 विकेट हो गये हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो के 183 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

चहल ने 2022 सीज़न की 17 पारियों में 27 विकेट लेकर पर्पल कैप जीता था और उपविजेता रॉयल्स को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस के पीयूष चावला (174), लखनऊ सुपर जायंट्स के अमित मिश्रा (172) और रॉयल्स के रविचंद्रन अश्विन (171) आईपीएल में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर काबिज हैं। मुंबई इंडियन्स के साथ 2011 में अपना आईपीएल करियर शुरू करने वाले चहल ने 2014 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का दामन थामा था, जहां उनके करियर ने ऊंची उड़ान भरी। आठ साल तक आरसीबी का हिस्सा रहने के बाद चहल 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गये थे।

## युवा महेंद्र सिंह धोनी की तरह है संजू सैमसन : स्वान

नयी दिल्ली, 11 मई इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन अपने धैर्य और खेल को पढ़ने की क्षमता के कारण दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के युवा प्रारूप की तरह लगते हैं। सैमसन ने 11 मैच में 154.77 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए हैं और अपने खिलाड़ियों का अच्छी तरह इस्तेमाल करते हुए टीम को प्ले ऑफ की दौड़ में बनाए रखा है। स्वान ने विज्ञप्ति में कहा, "मुझे संजू के बारे में जो चीज पसंद है वह यह है कि वह नेतृत्वकर्ता बन गया है और लगातार प्रदर्शन करने वाला सीनियर खिलाड़ी जिसके पास प्रतिभा है।"

## भारतीय टीम सुदीरमन कप फाइनल्स के लिये रवाना

नयी दिल्ली, 11 मई। पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय जैसे अग्रणी खिलाड़ियों से सुसज्जित भारत की 23 सदस्यीय बैडमिंटन टीम 14 से 21 मई तक होने वाले बहुप्रतीक्षित सुदीरमन कप फाइनल्स 2023 में हिस्सा लेने के लिये चीन के सुझोउ रवाना हो चुकी है।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विश्व मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप के रूप में भी पहचाना जाना वाला सुदीरमन कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां हर देश के बैडमिंटन खिलाड़ी अपनी टीम की जीत के लिये एक गहन लड़ाई में प्रतिस्पर्धा करते हैं। पिछले साल ऐतिहासिक थॉमस कप जीत के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है।

इस साल बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मिली जीत ने भारत को दुनिया के अग्रणी बैडमिंटन देशों में से एक के रूप में स्थापित किया है। भारतीय टीम को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हमें अपने खिलाड़ियों और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कई मौकों पर अपना साहस साबित किया है, और हमें विश्वास है कि उन्होंने सुदीरमन कप जीतने के लिए काफी मेहनत की है। पूरा देश उनकी सफलता की कामना रहा है। भारत को सुदीरमन कप के ग्रुप-सी में ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे और मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने पहले मैच में मलेशिया का सामना करेगी, जिसके बाद उसका मुकाबला चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया से होगा। इस द्विवर्षीय आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 और 2017 में आया था। वह पिछले दो आयोजनों में क्वार्टरफाइनल में भी जगह नहीं बना सका है।

**भारतीय टीम**

पुरुष एकल : एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत (रिजर्व: लक्ष्य सेन)
महिला एकल : पीवी सिंधु, अनुपमा उपाध्याय (रिजर्व: आकर्षी कश्यप)
पुरुष युगल : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन/ध्रुव कपिला
महिला युगल : गायत्री गोपीचंद/त्रिशा जॉली, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रैस्टो
मिश्रित युगल : तनीषा क्रास्टो/साई प्रतीक।

## ब्रावो का सटीक विकल्प है पथिराना : इरफान पठान

चेन्नई, 11 मई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की गेंदबाजी से प्रभावित होकर कहा है कि वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिये वही भूमिका निभा सकते हैं, जो कभी ड्वेन ब्रावो निभाया करते थे।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, हर टीम को ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है, जिस पर वह डेथ ओवरों (पारी के अंतिम ओवरों) में निर्भर रह सकें। मुंबई इंडियन्स के पास कभी मलिंगा हुआ करते थे, अब बुमराह हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने जिन दो वर्षों में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी, उन वर्षों में उनके पास सुनील नरेन थे। चेन्नई के पास ब्रावो थे और अब पथिराना हैं। वह (ब्रावो का) सटीक विकल्प हैं, और उनके पास रफ्तार भी है।

चेन्नई ने पथिराना को अप्रैल 2022 में ऐडम मिल्ने की जगह टीम में शामिल किया था। श्रीलंका का यह 21 वर्षीय गेंदबाज इस साल आठ मैचों में 18.85 की औसत से आठ विकेट चटका चुका है और कई बार डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी से चेन्नई की जीत का नायक भी साबित हुआ है।

पथिराना ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गये मैच में चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि चेन्नई ने 27 रन की जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नौ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। जो चेपौक की धीमी पिच पर बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## मुझे 'एंकर' शब्द पसंद नहीं सभी खेल को अलग रवैये के साथ खेलते है : लिविंस्टोन

नयी दिल्ली, 11 मई लियाम लिविंगस्टोन को भले ही बड़े छक्के जड़ने की उनकी क्षमता के लिए पहचाना जाता हो लेकिन इंग्लैंड और पंजाब किंग्स के इस बल्लेबाज को नहीं लगता है कि टी20 क्रिकेट में 'एंकर' (एक छोर पर टिककर खेलने वाला बल्लेबाज) की भूमिका बेमानी हो गई है।

लिविंगस्टोन को 'एंकर' शब्द पसंद नहीं है लेकिन इस 29 वर्षीय बल्लेबाज का मानना है कि टीमों का बल्लेबाजी को लेकर रुख अलग होता है क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी अलग रवैये के साथ खेलता है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने हाल में कहा था कि सबसे छोटे प्रारूप में एंकर की भूमिका संभवतः खत्म हो रही है। अब चोटिल हो चुके लोकेश राहुल और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के मौजूदा आईपीएल में रवैये पर सवाल उठे हैं जिन्होंने आक्रामक खेल दिखाने की जगह एक छोर पर टिककर रन बनाने की रणनीति के अनुसार बल्लेबाजी की।

यह पूछे जाने पर कि क्या टी20 क्रिकेट में एंकर की भूमिका बेमानी हो गई है, लिविंगस्टोन ने पीटीआई से कहा, "यह प्रत्येक टीम पर निर्भर करता है, सभी लोग अलग तरह से खेलते हैं। प्रत्येक टीम में अलग-अलग खिलाड़ी होते हैं और यह इस पर निर्भर करता है कि खिलाड़ी की टीम में क्या भूमिका है।"

पिछले साल आईपीएल में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लिविंगस्टोन घुटने की चोट के रिहैबिलिटेशन के कारण मौजूदा सत्र में देर से पंजाब किंग्स के साथ जुड़े। लिविंगस्टोन की नजरें अब अपनी टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने पर टिकी हैं लेकिन इसके लिए पंजाब को अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। इस आक्रामक बल्लेबाज ने मौजूदा सत्र में अब तक 163.81 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं।

लिविंगस्टोन ने कहा, "दोबारा मैदान पर उतरकर खेलना अच्छा लगता है। मैं काफी समय तक नहीं खेला, यह अपने खेल के बारे में सोचने और उस पर काम करने के लिए अच्छा समय था और अब क्रिकेट का लुत्फ उठाकर काफी अच्छा लग रहा है।" टूर्नामेंट में अब तक पंजाब के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा, "इसमें काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। हमने कई बार काफी अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन पूरे सत्र के दौरान अहम लम्हों पर मौके गंवाए। अब हमें अपने तीनों मुकाबले जीतने होंगे।" पंजाब किंग्स को शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना है।

## रिंकू राष्ट्रीय टीम से दूर नहीं : हरभजन

कोलकाता, 11 मई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी की वाहवाहियां लूटने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, भारतीय टीम की टोपी रिंकू के सिर से बहुत दूर नहीं है। वह एक प्रेरणादायक खिलाड़ी है। वह आज जहां है वहां तक पहुंचने के लिए उसने कड़ी मेहनत की है। उसे इसका पूरा श्रेय जाता है। उसकी क्रिकेट यात्रा हम सब के लिए एक सबक है और सभी युवा खिलाड़ियों को उससे सीखना चाहिए। रिंकू ने आईपीएल के 2022 सीजन में सात मैच खेलकर 34.80 की औसत से 174 रन बनाये थे। पिछले साल रिंकू ने अपनी प्रतिभा की एक झलक दिखाई, जिसके कारण केकेआर ने उन्हें इस सीजन की शुरुआती एकादश में जगह दी। वह अब तक खेले गये 11 मैचों में 56.17 की औसत से 337 रन जड़ चुके हैं। और उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के जड़कर केकेआर को एक यादगार जीत भी दिलाई है।

## भारतीय मुक्केबाजों की निगाहें ऐतिहासिक स्वर्ण पर

ताशकंद, 11 मई। अपने गैर-मामूली अभियान से प्रेरणा लेते हुए जब दीपक कुमार, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देव विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मुकाबला करने के लिये शुक्रवार को रिंग में उतरेंगे, तो उनकी निगाहें सीधे स्वर्ण पदक पर होंगी।

भारत भले ही 2019 में अमित पंघाल के रजत सहित अब तक विश्व चैंपियनशिप में सात पदक जीत चुका है, लेकिन अभी तक उसकी स्वर्ण जीतने की इच्छा पूरी नहीं हुई। इस बार तीन भारतीय मुक्केबाजों ने पहली बार एक साथ सेमीफाइनल में जगह बनायी है। तीन पदक सुनिश्चित होने के साथ भारत पदक तालिका में मेज़बान उज़्बेकिस्तान (नौ), क्यूबा और रूस (छह) तथा कज़ाकस्तान (पांच) के बाद तीसरे स्थान पर है।

साल 2019 के एशियाई रजत पदक विजेता दीपक कुमार (51 किग्रा) सेमीफाइनल बाउट में दो बार के विश्व कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा से भिड़ते हुए स्वर्ण की होड़ में भारत की अगुवाई करेंगे। हरियाणा के हिसार से आने वाले 26 वर्षीय मुक्केबाज ने अपनी दूसरी विश्व चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसलों से तीन जीत दर्ज की हैं। उन्होंने शीर्ष-32 राउंड में कजाखस्तान के टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट साकेन बिबोसिनोव को भी पछाड़ा था।

अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने के लिए दीपक फाइनल में पहुंचना चाहेंगे, जहां उनका सामना रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हसनब्वाय दुसमातोव या मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्पेन के मार्टिन मोलिना से होगा। पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा हुसामुद्दीन (57 किग्रा) टूर्नामेंट में अपनी पहली उपस्थिति में सफलतापूर्वक फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखेंगे। सेमीफाइनल में उनका सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा। तेलंगाना का रहने वाला यह मुक्केबाज फाइनल में पहुंचने पर संभावित रूप से 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक खालोकोव या किर्गिस्तान के मुनारबेक सीटबेक-उलु से भिड़ सकता है, लेकिन उसके लिये हुसामुद्दीन को सैदेल की चुनौती पार करनी होगी। भारत के उभरते हुए मुक्केबाज़ों में से एक निशांत देव (71 किग्रा) सेमीफाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबर्गेनोव के खिलाफ उतरेंगे। वह पिछली विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टरफाइनल तक ही पहुंच सके थे लेकिन इस बार उन्होंने अपने लिये सफलतापूर्वक एक पदक सुनिश्चित कर लिया है। करनाल में जन्मे इस मुक्केबाज़ ने अब तक तीन जीत सर्वसम्मत निर्णयों से और एक जीत प्रतियोगिता रोककर दर्ज की है।

अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद के साथ 22 वर्षीय निशांत फाइनल में पहुंचकर उज्बेकिस्तान के दो बार के एशियाई चैंपियन सैदजामशीद जाफारोव या ब्राजील के 2018 दक्षिण अमेरिकी चैंपियन वांडरसन डी ओलिवरिया से भिड़ने के लिये दृढ़ संकल्पित होंगे।

विश्व चैंपियनशिप में 107 देशों के कई ओलंपिक पदक विजेताओं सहित कुल 538 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं को दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि रजत पदक विजेताओं को एक लाख अमेरिकी डॉलर से सम्मानित किया जायेगा।

## जियो सिनेमा पर वीडियो व्यू की संख्या 1300 करोड़ तक पहुंची

मुंबई,11 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग साझेदार जियोसिनेमा ने लीग के माध्यम से शुरुआती पांच सप्ताह में 1300 करोड़ से अधिक वीडियो व्यू हासिल किये हैं। वायाकॉम18 स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अनिल जयराज ने कहा, जियोसिनेमा हर गुजरते सप्ताह के साथ लगातार मजबूत हो रहा है। यह इसलिए संभव हो सका है क्योंकि दर्शकों ने आईपीएल 2023 देखने के लिये डिजिटल मंच को अपनी पहली पसंद बना लिया है। हम अपने सभी प्रायोजकों, विज्ञापनदाताओं और साझेदारों को हम पर विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं क्योंकि इनके सहयोग से हम हर फैन के टाटा आईपीएल देखने के अनुभव को बेहतर बनाना जारी रख सकते हैं। कंपनी ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि जियोसिनेमा ने पांच दिनों के अंतराल में दो बार सर्वाधिक दर्शक दर्ज करने के रिकॉर्ड को तोड़ा। जियो सिनेमा पर 12 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच के दौरान 2.23 करोड़ दर्शक दर्ज किये।

## मध्य ओवरों में डॉट गेंदें खेलना भारी पड़ा : पोंटिंग

चेन्नई, 11 मई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों मिली हार के बाद स्वीकार किया कि मध्य ओवरों में बहुत अधिक डॉट गेंदें खेलना उनके लिये घातक साबित हुआ।

चेन्नई ने बुधवार रात चेपौक स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में दिल्ली के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 140 रन ही बना सकी। इस हार के साथ दिल्ली प्लेऑफ की दौड़ से भी बाहर हो गयी। पॉन्टिंग ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने दो विकेट जल्दी गंवा दिये, फिर तीसरा विकेट भी गिर गया। जब स्पिनरों की गेंदबाजी आयी तो हम तेजी से रन नहीं बना सके। मध्य ओवरों में हमने करीब 34 डॉट गेंदें खेलीं। अगर आप मध्य ओवरों में इतना डॉट गेंदें खेलेंगे तो कोई लक्ष्य हासिल नहीं कर सकेंगे।

डेविड वॉर्नर, फिल सॉल्ट और मिचेल मार्श के विकेट मात्र 25 रन पर गिरने के बाद राइली रूसो और मनीष पांडे ने दिल्ली की पारी को संभाला। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हुई, लेकिन उन्होंने इसके लिये 59 गेंदें भी खेलीं। पॉन्टिंग ने कहा, मेरे खयाल से यह पांचवीं, छठी या शायद सातवीं बार है जब हमने पहले ओवर में विकेट गंवा दिये हों। एक बार हमने पहले ओवर में दो विकेट भी गंवाये थे। हम इस ओर काम नहीं कर सके हैं, जाहिर है कि हम मैच कहां हारे। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत में युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को भी आज़माया था, हालांकि पांच मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्हें छठे मैच से बाहर बैठा दिया गया।

पॉन्टिंग ने कहा, पृथ्वी का टीम में न होना इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसे की हमें उम्मीद थी। सही मायने में किसी ने भी अवसरों को दोनों हाथों से नहीं लपका है। इसी बीच, दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि उन्हें पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी की जरूरत थी, लेकिन 'विकेट फेंकने' के कारण वह ऐसा नहीं कर सके।

वॉर्नर ने कहा, हमने पहले ओवर में एक विकेट गंवाया, हमारी सलामी जोड़ी (अच्छी शुरुआत के लिये) महत्वपूर्ण होती है। हमारा एक विकेट रनआउट के कारण भी गिरा। हमने विकेट फेंके और खुद पर दबाव बनाया। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। हमें बेहतर शुरुआती छह ओवरों की जरूरत थी। हमने अलग-अलग चीजें आजमाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके।

## संक्षिप्त

### शिविरों का निरीक्षण किया

**राजगढ़, (निसं)।** उपखंड के ग्राम पंचायत नीमला में प्रशासन गांव के संग अभियान एवं महंगाई राहत शिविर का संभागीय आयुक्त अतर सिंह नेहरा ने निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त एवं उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में गारंटी कार्ड प्राप्त कर महिलाओं की खुशी का ठिकाना न रहा। लाभार्थी महिलाओं ने शिविर के निरीक्षण के दौरान बताया कि राज्य सरकार की ओर से लाभकारी योजनाओं का गारंटी कार्ड मिलने से खर्चा चलाने में मदद मिलेगी।

### सड़क सुरक्षा अभियान चलाया

**दूदू, (निसं)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाकर यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना वसूल कर यातायात नियमों की पालना करने की हिदायत दी गई। हैड कांस्टेबल कालू राम के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा बिना हैलमेट, लाईसेंस के वाहन चालकों को रोकरकर यातायात नियमों के बार में बताया गया।

### राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी

**दूदू, (निसं)।** संघर्ष समिति अभिभावक संघ दूदू के द्वारा उपखण्ड अधिकरी भूपेन्द्र यादव के स्थानान्तरण की मांग को लेकर 88 दिन बीत जाने के बाद भी राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी है। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मंडावरी ने बताया कि जब तक स्थानान्तरण नहीं हो जाता कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

### बाइकों की भिड़ंत में दो जने घायल

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के सोनी फार्म हाऊस के पास बुधवार की देर शाम को बाइकों में हुई आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार एडवोकेट प्रहलाद पुत्र रामधन निवासी अडुस्या व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को मालपुरा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया।

# स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर साहबी नदी की पुलिया से नीचे गिरी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड स्थित निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज स्थित साहबी नदी की पुलिया से गुरूवार शाम करीब 5 बजे एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के 7 जने गंभीर घायल हो गये।

हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। अचानक हुए

- एक ही परिवार के 7 जने घायल, 3 जनों को जयपुर रैफर किया

हादसे से चीख-पुकार मच गई। जिससे आसपास के ग्रामीणों ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस व निजी वाहनों की सहायता से राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार ग्राम कानपुरा (नई सडक), बानसूर निवासी हरिसिंह (41) पुत्र पृथ्वीसिंह, शर्मिला (40) पत्नी हरिसिंह, प्रिंस (10) पुत्र हरिसिंह, डिम्पल पुत्री हरिसिंह, हुकुम (07) पुत्र नरेन्द्र सिंह, चीकू उर्फ बाबू (05) पुत्र नरेन्द्र सिंह, महेन्द्रा (40) पत्नी नरेन्द्र सिंह आदि स्कॉर्पियो गाड़ी नं. एच आर 36 ए एच 9725 में सवार होकर कानपुरा से कोटपूतली घरेलू सामान खरीदने के लिए आ रहे थे तभी ग्राम चतुर्भुज स्थित साहबी नदी की पुलिया से उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। जिससे स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गये। जिन्हें एम्बुलेन्स द्वारा यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां से हरिसिंह, शर्मिला व चीकू उर्फ बाबू को चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया। वहीं अन्य चार लोगों का राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे में स्कॉर्पियो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



घायलों को राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया।

## पायलट की पदयात्रा में पहुंचे कार्यकर्ता

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उप-मुख्यमंत्री, टोंक विधायक सचिन पायलट द्वारा 11 मई गुरूवार से भ्रष्टाचार के खिलाफ अजमेर से जयपुर तक आरंभ की जन-संघर्ष पदयात्रा में भाग लेने के लिए जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों लोग अजमेर के लिए रवाना हुए।

मिली जानकारी के अनुसार पायलट की जन-संघर्ष पदयात्रा में भाग लेने के लिए उनके समर्थक निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता, पीसीसी सदस्य सऊद सईदी, सभापति अली अहमद, उप-सभापति बजरंग लाल वर्मा, पार्षद राहुल सैनी, नीरज गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण कैलाशी देवी मीणा, शहर अध्यक्ष इरशाद बेग, फौजू राम मीणा, हरिप्रसाद जोनवाल, केदार चौधरी, भागचंद गुर्जर, कमलेश सैनी पत्रकार, चंद्र प्रकाश मीणा, राजेश चौधरी, शैलेश गुर्जर, सलीमुद्दीन खान, रामसिंह मुकुल, सुनील बंसल, हंसराज गाता, ओसाफ खान, रामलाल संडीला एवं देवराज गुर्जर आदि ने भारी संख्या में अपने-अपने समर्थकों के साथ नीजि वाहनों से अजमेर गये हैं। इसी प्रकार पायलट के कट्टर समर्थक रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान के नेतृत्व में भी निजि वाहनों से लोग अजमेर गये हैं।

## मकानों के ऊपर से विद्युत लाइन को हटाने की मांग

- हजारीपुरा के ग्रामीणों ने जाम लगाया
- करंट प्रवाहित तारों से उठती चिंगारियों से बड़े हादसे की आशंका

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के लावा ग्राम पंचायत स्थित हजारीपुरा गांव में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटवाने की मांग को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों ने डिग्गी-सोहेला सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम के कारण सड़क के दोनो ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। रोडवेज बसें भी जाम में फंस जाने से यात्री परेशान रहे।

जाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर जाम हटवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडे रहे। मौके पर पहुंचे सरपंच कमल कुमार जैन व विद्युत निगम के जेईएन ओमप्रकाश चौधरी सहित अधिकारियों को ग्रामीणों ने बताया कि आवासीय कॉलोनी के बीच व मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईवॉल्टेज विद्युत लाइन से आये दिन कई पक्षियों की मौतें हो रही है। साथ ही करंट प्रवाहित तारों से उठती चिंगारियों से किसी बड़े हादसे की आशंका से ग्रामीण भयभीत हैं। अधिकारियो की समझाईश व उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत करवा उचित कार्यवाही के दिये आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

## शिविर में 21 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में गुरुवार को कुल 14 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत कैम्प एवं ग्राम पंचायत पीथलपुर में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया। 14 स्थानों पर लगे स्थाई महंगाई राहत कैम्पों में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किए गए।

इस दौरान उपखण्ड श्रीमाधोपुर में राज्य सरकार की 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 11051 रजिस्ट्रेशन किये गये। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत पीथलपुर में प्रशासन गांवों के संग अभियान के दूसरे दिन आमजन को राहत पहुंचाने वाले अनेक कार्य किये गये इनके अन्तर्गत राजस्व विभाग द्वारा 2 खाता विभाजन,12 नामान्तरण, 137 शुद्धिकरण, 42 सीमा/ ज्ञान पत्थलगड़ी के प्रकरण ,142 जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र 17 प्रतिलिपियां जारी कर 892 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त उपखंड श्रीमाधोपुर नगरपालिका एवं नगर पालिका अजीतगढ़ में महंगाई राहत शिविर व प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया जाकर आमजन राहत प्रदान की जाएगी।



पीथलपुर में लगे शिविर में 892 जने लाभान्वित हुए।

# महंगाई राहत कैम्पों का औचक निरीक्षण किया

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं जिला दौसा के प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ द्वारा विभिन्न जगहों पर महंगाई राहत शिविरों का औचक निरीक्षण कर प्रशासन गांव के संग अभियान का जायजा लिया गया।

मंत्री परसादी लाल मीणा ने गुरूवार को पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत राहुवास व जिला प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने पंचायत समिति नांगल राजावतान की ग्राम पंचायत मलवास व पंचायत समिति रामगढ पचवारा की ग्राम पंचायत राहुवास में संचालित महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांव के संग शिविर का निरीक्षण किया तथा कैंप में उपस्थित लार्भाथियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित कर लाभान्वित किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्रमुख दस योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना हमारा कर्तव्य है। शिविर में जिला प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि महंगाई के दौर में समाज के गरीब तबके तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना राजस्थान सरकार का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा मोहर सिंह मीणा, विकास अधिकारी प्रियंका मीना उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान रामावतार मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थति रहे।



राहुवास ग्राम में शिविर के दौरान चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने गारंटी प्रमाण पत्र वितरित किये।

## प्रवास कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती बानसूर विधानसभा में गुरूवार को भाजपा कार्यालय पर नियोजित प्रवास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर रही।

अध्यक्षता करते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर ऊपर तक अलग-अलग स्तर पर समितियां बनी हुई है और सभी को अलग-अलग दायित्व मिले हुए हैं। सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को ठीक प्रकार से निभाऐंगे तो संगठन अधिक मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि बूथ जीता तो चुनाव जीता इसलिए सभी को दूसरे के बूथ की चिंता छोडकर अपने बूथ की मबजूती पर ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति नहीं सिर्फ कमल का निशान महत्वपूर्ण है। कमल के निशान को जिताने के लिए सभी को मिलकर काम करना है। वहीं प्रदेश में कांग्रेस की गहलोत सरकार के कुशासन के चलते आमजन परेशान है और कांग्रेस सरकार की नीतियों के प्रति जनता में काफी आक्रोश है।

## सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाया

**निवाई, (निसं)।** तहसीलदार के नेतृत्व में गठित राजस्व टीम ने सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाया है।

तहसीलदार ने बताया कि कस्बा निवाई के रजवास मोड पर आराजी खसरा नम्बर 4595/1 कुल रकबा 6.02 बीघा किस्म बजड 2 सिवायचक भूमि में से 2 बिस्वा भूमि पर से धारा 91 के निर्णय की पालना में अतिक्रमण हटाने हेतु भू-अभिलेख निरीक्षक मोरपाल मीणा हल्का पटवारी विरेन्द्र गुर्जर, हल्का पटवारी भांवता रामकुवार मीणा व हल्का पटवारी चैनपुरा धीरेन्द्रसिंह की टीम गठित की गई। उक्त टीम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश देकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किए गए थे। इसी पालना टीम ने गुरूवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पुलिस की मौजूदगी में की।

## चोरी गई साइकिलें बरामद

**देवली, (निसं)।** यहां पिछले दिनों कई दर्जन साइकिलें चोरी हो गई थी जिन्हें पुलिस ने कई अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर बरामद कर लिया है। यह साइकिलें पुलिस उनके वारिसान को लौटा रही है।

जिनकी साइकिले चोरी हो गई थी चोरी गई साइक्लों को वापस पुलिस से पाकर बच्चे खुश हो रहे हैं। वहीं पुलिस को धन्यवाद भी दे रहे हैं। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद व प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार वर्मा ने बताया कि यह साइकिलें पिछले दिनों ऊंचा, देवपुरा सही क्षेत्रों में लावारिस हॉल में पड़ी मिली।

जिन्हें अलग-अलग जगह से पुलिस ने एकत्र किया है। ऐसी ही पुलिस को करीब 15 साइकिलें मिली है। जिन्हें गत 2 दिनों से वापस लौटाया जा रहा है।

# राजस्थान सह प्रभारी रहाटकर ने किशगढ़बास में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली

- राजस्थान में काम किए गए होते तो राहत कैंप लगाने की जरूरत नहीं पड़ती : रहाटकर
- जयपुर ग्रामीण सांसद राजवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री डॉक्टर जसवंत यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** भाजपा कार्यकर्ताओं की किशनगढ़ बास में मीटिंग लेने के लिए पहुंची राजस्थान की सह प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर ने अशोक गहलोत सरकार की ओर से प्रदेश में शुरू किए राहत कैंप पर तंज कसा और कहा जनता के काम और वादे पूरे किए गए होते तो राहत कैंप लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।

पूर्व विधायक रामहेत यादव की उपस्थिति में आयोजित मीटिंग में पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राजवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री जसवंत यादव, तिजारा पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, बानसूर से चुनाव लड़े महेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल, जिला अध्यक्ष उमेद भाया, जिला प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, किशनगढ़ बास नगर पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल, खैरथल चेयरमैन हरीश रोघा सहित जिला व प्रदेश के नेता मौजूद रहे। बैठक में राजस्थान सह प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर ने प्रदेश और केंद्र सरकार के होने वाले चुनाव में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र के चुनाव आ रहे हैं। पन्ना प्रमुख से लेकर हमारा बूथ मजबूत है तो हमें दुनिया की कोई ताकत चुनाव जीतने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने कहा देश में अगर बिजली की दरें कहीं महंगी है तो वे राजस्थान प्रदेश है। साढे 4 साल सरकार के निकाल दिए और आज कैंप लगाकर बिजली फ्री देने की बात कर रहे हैं।

सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा अब वक्त मैदान में फील्डिंग सेट करने का है। हमें कमल निशान को लेकर अपना बूथ जीतने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते रहना है। राठौड़ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शानदार विकास और गरीब कल्याण के काम हुए हैं वहीं दूसरी तरफ देखें तो राजस्थान प्रदेश में अशोक गहलोत सरकार ने केवल राजस्थान को बदनाम करने का काम किया है। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने संगठन को लेकर जानकारी दी और कहा पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़ा है। पूर्व विधायक ने इस मौके पर 13 मई को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के कार्यक्रम में किशनगढ बास के गांव जोड़ियां पहुंचने की अपील की है। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ रामनिवास यादव पूरन सिंह झाबूला सरदार बलविंदर सिंह प्रमिल जसोरिया युवा मोर्चा अध्यक्ष तेज सिंह सैनी मनोज मित्तल विश्वास यादव राजेश बटवाड़ा खुशीराम यादव प्रदीप सगवैया शिव हरि गुर्जर सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्षद पूर्व पार्षद मौजूद रहे।




राजस्थान की सह प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर (बीच में) भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने के लिए किशनगढ़ बास पहुंची।

## कैंपों के स्थान में परिवर्तन

**पावटा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 24 अप्रेल से महंगाई राहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी व विकास अधिकारी राकेश वर्मा ने बताया कि महंगाई राहत कैंपों में सरकार के द्वारा चयनित योजनाओं का लाभ आमजन को दिया जा रहा है।

खंड पावटा क्षेत्र में पूर्व में निर्धारित कैंपों के स्थान में परिवर्तन करते हुए राजीव गांधी सेवा केंद्र द्वारिकपुरा से राजीव गांधी सेवा केंद्र टसकोला, राजीव गांधी सेवा केंद्र भौनावास राजीव गांधी सेवा केंद्र, पांचूडाला, राजीव गांधी सेवा केंद्र भूरी भडाज से राजीव गांधी सेवा केंद्र पंडितपुरा, राजीव गांधी सेवा केंद्र दान्तिल से राजीव गांधी सेवा केंद्र पुरुषोतमपुरा पर महंगाई राहत कैंपों के संदर्भ में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो जाएगा। सोमवार से शनिवार प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कैंपों का आयोजन होगा।

उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति किसी कारणवश किसी योजना का लाभ उठाना भूल गया है तो वह अपने किसी भी शिविर स्थल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर योजनाओं का लाभ ले सकता है।

## सार-समाचार

### हीरामन महाराज का मेला भरा



**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे की ठेकला की ढाणी में स्थित हीरामन महाराज का मेला गुरुवार को बड़ी धूमधाम से भरा। मेले के दौरान सुबह से मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हीरामन महाराज की पूजा अर्चना और प्रसाद चढ़ाकर मन्नौती मांगी, घर में सुख शांति की कामना की। मेले में स्थानीय कलाकार जयराम ठेकला, इन्द्राज महासी के द्वारा दिनभर भजन सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले के दौरान आयोजित भंडारे में क्षेत्र के पुरुष, महिला, बच्चों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर कानाराम गुर्जर, मूलचंद डोई, जयराम महासी आदि ने कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों का आभार जताकर ख़ुशी प्रकट की। इस अवसर पर मातादीन गुर्जर, भैरुराम गोल्या, हीरालाल, राकेश, शीशराम गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### डीगवाल का ग्रामीणों ने स्वागत किया

**अलवर, (निसं)।** भाजपा के भावी प्रत्याशी मूल चंद डीगवाल जो ग्रामीण विधान सभा के गांवों में पहुंच कर भाजपा की नीतियों और केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई जनहितकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचा रहे हैं जहां ग्रामीण उनका गर्म जोशी से स्वागत भी कर रहे है। लोग जहां चिलचिलाती धूप में लोग घरों से निकलना भी पसंद नही करते वहीं जब ग्रामीणों को डीगवाल के गांवों में पहुंचने की सूचना मिलती है तो वे अपना काम छोड कर उनके स्वागत में पहुंच रहे हैं डीगवाल की सभाओं में महिलाएं भी बढचढ कर हिस्सा ले रही हैं और उनके स्वागत और सभा का स्थान ग्रामीण ही छाया की व्यवस्था देख कर रहे हैं। डीगवाल ने आज ग्रामीण विधान सभा के दर्जनों गांवों में किथूर, बहादरपुर, जोडिया पट्टी, चिकानी, सोतका, पिलवा, भजेडा, रानीखेडा, सैतली, चिरखाना, मूडियाखेडा सहित दर्जनों गांवों में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर जन सभाओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा की नीतियों और केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं से ग्रामीणों को आवगत कराया।

### रानी रत्नाकुमारी छात्राओं को 'द केरला स्टोरी' फ़िल्म फ्री में दिखांएगी

**मनोहरपुर, (निसं)।** भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी छात्राओं को निःशुल्क टिकट उपलब्ध करा रही है। इसके लिए उन्होंने एक मोबाइल नंबर 8385856869 भी जारी किया है। बीते दिनों रिलीज हुई फ़िल्म 'द केरला स्टोरी' को लेकर देश में घमासान मचा हुआ है। हिंदूवादी संगठन इस फ़िल्म को देखने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की छात्राओं को भी भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी शनिवार को कोटपूतली स्थित गोल्ड सिनेमा में 12 बजे शो में फ्री में फ़िल्म दिखाएंगी। उनका कहना है कि हम अपनी हिन्दू लड़कियों को लव जिहादियों से बचाने में सफल हों। रत्ना कुमारी ने फ्री में टिकट प्राप्त करने के लिए एक नंबर 8385856869 भी जारी किया है। भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी ने बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की जो भी छात्राएं 13 तारीख को 12 बजे शो में फ़िल्म देखना चाहती है उनका टिकट का इंतजाम वह अपने स्वयं के खर्चे पर करेंगी।

### 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन पर गुरुवार को आरपीएफ निरीक्षक राजेश सिंह एवं उप निरीक्षक विक्रम सिंह द्वारा एक विशेष अभियान के तहत कार्रवाही की गई। आरपीएफ निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि रेल गाड़ियों में अनाधिकृत रूप से खान-पान(खाद्य)सामग्री बेचने, चैन पुलिंग करने, लाईन क्रॉस करने व ट्रेनों पर पत्थर बाजी करने तथा ट्रेनों बिना टिकट यात्रा करने वाले सहित करीब 40 लोगों पर कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें फुलेरा स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट (न्यायधीश) पूनाराम गोदारा जयपुर के सामने पेश किया गया। जिन पर करीब 25 हजार रुपयों का जुर्माना किया। साथ ही आगे बताया कि इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेते हुए लगातार कार्रवाही की जायेगी।

### पदोन्नति होने पर स्वागत किया



**पावटा, (निसं)।**पटवारी शशीधर यादव का भू अभिलेख निरीक्षक गिरदावर के पद पर पदोन्नत होने पर प्रेस क्लब पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में शशीधर यादव का माला व साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, सदस्य विपिन शर्मा, आशीष गोयल, धर्मपाल यादव, मोहन गौड मौजूद रहे।

### छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थत मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नये सत्र में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। प्रधनाचार्य महेश चंद यादव ने बताया कि राज्य सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जा रही श्रेष्ठ शिक्षा को बढ़ावा देने में विद्यालय परिवार व उच्च अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग के साथ साथ अभिभावकों द्वारा भी रचनात्मक सहयोग दिखाई दे रहा है। सीबीईओ रामसिंह यादव व एसीबीईओ दयाराम चौरडिया ने संबलन प्रदान किया। व्याख्याता कन्हैयालाल खींची ने बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराते हुए विद्यालय को एक बड़ी संदूक भेंट की।

### महंगाई राहत गारंटी कार्ड बांटे

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** पंचायत समिति बहरोड़ में आयोजित महंगाई राहत शिविर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव एवं किसान नेता प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान के नेतृत्व में महंगाई राहत गारंटी कार्ड बांटे गए। वहीं प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी अध्यक्ष हरसहाय यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान हिंदुस्तान का पहला राज्य है जहां महंगाई राहत की 10 जन कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। इस दौरान श्योताज सिंह सरपंच, जयपाल सिंह, रामनिवास, कुलदीप, सिकंदर, रोहिताश, मूलाराम गुर्जर, बलवंत सिंह सहायक विकास अधिकारी सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।

### पुलिस थानों में फेरबदल

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने एक आदेश जारी कर पुलिस थानों में फेरबदल किया गया है। इसके अन्तर्गत पुलिस निरीक्षक कुसुमलता को पुलिस लाइन से थानाधिकारी महिला थाना, उप-निरीक्षक रतनसिंह थानाधिकारी पचेवर हाल थानाधिकारी महिला थाना से पुलिस लाइन, देवेन्द्र सिंह थानाधिकारी मेहन्दवास से पुलिस लाइन, उदयवीर सिंह थानाधिकारी पुरानी टोंक से मेहन्दवास, ओमप्रकाश पुलिस लाइन से थानाधिकारी पुरानी टोंक, घासीलाल थाना कोतवाली से थानाधिकारी दतवास एवं उप-निरीक्षक रोडूराम को थानाधिकारी दतवास से द्वितीय अधिकारी थाना कोतवाली स्थानान्तरण किया गया है।

# 'लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई केजरीवाल सरकार का दिल्ली प्रशासन पर पूर्ण नियंत्रण है'

## सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान बैंच ने दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार के बीच प्रशासन पर नियंत्रण को लेकर लम्बे समय से चले आ रहे विवाद का पटाक्षेप कर दिया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने कहा, अगर लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को प्रशासनिक अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं दिया जाएगा तो सामूहिक उत्तरदायित्व कमजोर पड़ जाएगा।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, केन्द्र को सिर्फ तीन मामलों में ही अधिकार है, ये हैं- सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस।**

नई दिल्ली, 11 मई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ाते हुए फैसला दिया है कि लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को वास्तविक सत्ता मिलनी चाहिए और देश की राजधानी के प्रशासन पर उसका पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए।

इस फैसले ने केन्द्र और दिल्ली सरकार के बीच चल रहे इस दीर्घकालीन विवाद पर विराम लगा दिया है कि दिल्ली के शासन में नौकरशाही पर प्रशासनिक नियंत्रण किसका रहेगा।

आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली में वर्ष 2014 में जब से सरकार आई है, तब से केन्द्र और दिल्ली सरकार के बीच सत्ता को लेकर निरंतर संघर्ष रहा है और दोनों ही सरकारें इस मामले में अपना-अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखती आयी हैं।

सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली एक बैंच ने सर्वसम्मति से एक निर्णय की घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी की निर्वाचित सरकार का अपने विधायी क्षेत्राधिकार में ना आने वाले विषयों के अलावा सभी सेवाओं पर नियंत्रण होना चाहिए।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी. वाय. चन्द्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि शासन के लोकतांत्रिक स्वरूप में वास्तविक सत्ता राज्य के निर्वाचित अंग के पास होनी चाहिए इस निर्वाचित इकाई का प्रशासन पर नियंत्रण होना जरूरी है। सी.जे.आई. ने कहा कि "यदि लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार को अधिकारियों को नियंत्रित करने की शक्ति प्रदान नहीं की जाती है तो समग्र उत्तरदायित्व की भावना कमजोर पड़ जाएगी। यदि अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देंगे तो समग्र उत्तरदेयता का प्रारूप बेअसर हो जाएगा।"

कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि केन्द्र सरकार की कार्यवाहरक शक्तियां अनुसूची-2 की केवल तीन प्रविष्टियों पर ही लागू हैं- सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस।

सी.जे.आई. डी. वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक बैंच, जिसमें जस्टिस एम.आर. शाह, जस्टिस कृष्णा मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा भी थे, ने केन्द्र सरकार की ओर से सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता और सीनियर एडवोकेट ए.एम. सिंघवी व दिल्ली सरकार के साढ़े चार दिन तक निवेदन सुनने के बाद गत 18 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने जस्टिस अशोक भूषण के इस दृष्टिकोण से सहमत नहीं है कि दिल्ली सरकार का राज्य की सेवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है।

जस्टिस ए.के. सीकरी और जस्टिस अशोक भूषण की एक खण्डपीठ ने इस मुद्दे पर वर्ष 2019 में एक खण्डित फैसला दिया था। उसमें जस्टिस भूषण ने जहां पर माना था कि राज्य की समस्त प्रशासनिक सेवाओं पर दिल्ली सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, वहीं जस्टिस सीकरी उनकी बात से सहमत नहीं थे।

आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और दिल्ली में केन्द्र द्वारा नियुक्त उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच चल रहे संघर्ष के समाधान का काम सुप्रीम कोर्ट को सौंपा गया था।

यह विवाद इसे लेकर था कि देश की राजधानी की प्रशासनिक सेवाएं केन्द्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आती है या दिल्ली की निर्वाचित सरकार के।

दिल्ली की सेवाओं पर नियंत्रण के अधिकार को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार व केन्द्र की कार्यपालक एवं विधायी शक्तियों से संदर्भित इस कानूनी मुद्दे पर सुनवाई के लिए संविधान बैंच का गठन किया गया था।

दिल्ली की सेवाओं पर नियंत्रण के इस मुद्दे पर केन्द्र सरकार के अनुरोध के बाद तीन जजों की एक बैंच ने इस प्रकरण को गत वर्ष 6 मई को पांच जजों की संविधान बैंच को रैफर कर दिया था।

दिल्ली सरकार द्वारा यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में पुनः ले जाने की वजह 14 जनवरी 2019 को दिया गया एक खण्डित फैसला था, जिसमें जस्टिस अशोक भूषण और ए.के. सीकरी (अब दोनों ही सेवानिवृत्त) की एक बैंच ने सी.जे.आई. से सिफारिश की थी कि इस मुद्दे का अंतिम समाधान करने के लिए तीन जजों की एक बैंच का गठन किया जाए।

जस्टिस भूषण ने कहा था कि नौकरशाही के शीर्ष स्तर (संयुक्त निदेशक और उसके ऊपर) के पदों पर ट्रांसफर या पोस्टिंग केवल केन्द्र सरकार द्वारा ही की जा सकती है तथा अन्य नौकरशाहों से संबंधित मसलों पर मत भिन्नता की स्थिति में लैफ्टिनैंट गवर्नर की राय मान्य होगी।

वर्ष 2018 में, पांच जजों वाली एक संविधान बैंच ने सर्वसम्मति से व्यवस्था दी थी कि दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह से बंधे हुए हैं और दोनों को ही एक दूसरे के साथ सौहाद्रपूर्ण तरीके से काम करने की जरूरत है।

## नवीन पटनायक ने नीतीश कुमार के प्रयासों की हवा निकाली

नई दिल्ली, 11 मई। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के बाद थर्ड फ्रंट बनने की किसी भी संभावना से साफ इंकार किया है। सी.एम. नवीन पटनायक की यह टिप्पणी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मिशन विपक्षी एकता के लिए बड़ा झटका बताई जा रही है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साल 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नेताओं द्वारा विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नहीं, ऐसी कोई संभावना नहीं है।

## 2700 करोड़ रू....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गौरतलब है कि, सेना से रिटायर रणवीर सिंह व अन्य पर आरोप है कि, उन्होंने अलग-अलग कम्पनियाँ बनाकर हजारों लोगों को गुजरात की धोलेरा सिटी में जमीन में निवेश करने पर भारी-भरकम रिटर्न का झांसा दिया था। हजारों पीड़ितों से करीब 27 सौ करोड़ रुपए ठगने के बाद आरोपी अंडरग्राउंड हो गए और विदेश भागने की योजना बनाने लगे। हालांकि लुक आउट सर्कुलर जारी होने के कारण वे विदेश नहीं भाग सके। लेकिन, फरार होकर राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, हरियाणा और दिल्ली सहित अन्य राज्यों में रहे। आखिर में पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# जे.डी.यू. के पूर्व अध्यक्ष आर.सी.पी. सिंह ने भाजपा जॉइन की

- **इस मौके पर आर.सी.पी. सिंह ने नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा और कहा, वे सदा पलटीमार थे, हैं और रहेंगे।**

नई दिल्ली, 11 मई (वार्ता)। जनता दल यूनाइटेड (जद यू) के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने गुरुवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में कुमार का अब कुछ नहीं बचेगा। वह पलटीमार थे, हैं और रहेंगे।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख ने आर.सी.पी. सिंह का भाजपा में स्वागत किया।

इस मौके पर प्रधान ने कहा कि सिंह जदयू में हमेशा बुनियादी मूल्यों से बंधे रहे। किसानों, पिछड़ों एवं अति पिछड़ों के मुद्दों पर मुखर रहे। जदयू के राजनीतिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कई दिनों तक जदयू के अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव से भाजपा के साथ राजनीतिक गठबंधन को सुचारू रूप से चलाया लेकिन नीतीश कुमार पीछे से घात करते रहे।

भाजपा में शामिल होने पर गर्व व्यक्त करते हुए आर.सी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं प्रधान का आभार प्रकट किया। उन्होंने जदयू के नेता नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि देश में कोई काम नहीं हो रहा है, लेकिन वह यह नहीं बता पाते हैं कि आखिर भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था कैसे बन गया। वह कहते हैं कि वह अपराध एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं लेकिन काम केवल कुर्सी बचाने का करते हैं। तीन दिन से विपक्षी एकता के लिए तीन प्रदेशों में घूम रहे हैं।

सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार पी.एम. बनने की ख्वाहिश रखते हैं। तो वह पहले भी पी.एम. थे, आज भी पी.एम. हैं और कल भी पी.एम. यानी पलटीमार रहेंगे।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को किस ऊंचाई पर पहुंचाया है और देश को नयी पहचान दी है। भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। सारा बिहार चाहता है कि जिस प्रकार से केंद्र में मोदी सरकार काम कर रही है, उसी तरह बिहार में भी गरीबों, पिछड़ों के लिए काम हो।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और सूचना मंत्री सुप्रीम कोर्ट के जज पर बुरी तरह भड़के

## सूचना मंत्री मरियम औरंगज़ेब ने यह तक कहा कि, सुप्रीम कोर्ट जज को न्यायाधीश पद छोड़ देना चाहिये और इमरान खान की पार्टी पी.टी.आई. जॉइन कर लेनी चाहिये

- **इमरान खान की सुप्रीम कोर्ट से रिहाई पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद उस्मान ने भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला नहीं, इमरान खान के पक्ष में अपनी ख्वाहिश का इज़हार किया है।**

इस्लामाबाद, 11 मई। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज शरीफ सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पर भड़क गई हैं। मरियम नवाज शरीफ ने कहा कि खजाना लूटने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने छोड़ दिया। एक क्रिमिनल को सुप्रीम कोर्ट ने छोड़ दिया है। इमरान खान को रिहा करने वाले पाकिस्तान के चीफ जस्टिस कोर्ट छोड़ देना चाहिए और इमरान खान की पार्टी पी.टी.आई. को जॉइन कर लेना चाहिए।

इससे पहले मरियम औरंगजेब जो कि शहबाज सरकार में सूचना मंत्री हैं, उन्होंने भी सुप्रीम कोर्ट को धमकाया था। मरियम औरंगजेब ने कहा कि सियासत दानों के घर, राना सनाउल्लाह के घर जला दिए। क्या वे इस मुल्क के नहीं हैं? रेडिया पाकिस्तान, एंबुलेंस, सरकारी वाहन जले, क्या वे मुल्क के नहीं हैं?

मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि इमरान खान को करप्शन के केस में जवाब देने हैं। जब पुलिस वारंट लेकर लाहौर गई थी, तब पुलिस वालों के लाहौर में सिर फोड़े गए थे। यदि इमरान को तब सजा दी गई होती तो आज मुल्क जल न रहा होता। इमरान पर निशाना साधते हुए पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम ने कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ऐसे इमरान खान को अदालत रिलीफ देगी? वो इमरान जो कि न्याय का मुजरिम है, रिमांड पर है, देश और समाज पर जो हमलावर है, क्या उसे सुप्रीम कोर्ट छूट देगी? अगर सुप्रीम कोर्ट राहत देगी तो देश को कौन बचाएगा?

इमरान खान की सुप्रीम कोर्ट से रिहाई पर पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद उस्मान का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला नहीं अपनी ख्वाहिश का इजहार किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इमरान खान की टांग नहीं टूटी है। दरअसल, पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की गिरफ्तारी को रद्द कर दिया है।

## 'पायलट की रैली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नेताओं, संगठनों को टारगेट किया जाये। गुर्जर समाज की हमेशा उपेक्षा हुई है।

देश में केन्द्र में कोई गुर्जर मंत्री नहीं है, किसी बोर्ड का गुर्जर अध्यक्ष नहीं है। राजस्थान में भी किसी गुर्जर महापुरूष का स्मारक नहीं बनाया गया। आरपीएससी, यूपीएससी में गुर्जर समाज कोई सदस्य नहीं है। उन्होनें यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी गुर्जर समाज के नेता को राज्यसभा में सदस्य बनाकर नहीं भेजा।

पोसवाल ने कहा कि केन्द्रीय सुरक्षा एंजेसी ने सचिन पायलट पर हमला होने का अंदेशा जताया है। उन्होनें केन्द्र व राज्य सरकार से पायलट की सुरक्षा पर उच्च स्तरीय समीक्षा करने की मांग की है। उन्होनें कहा कि पायलट के पिता स्व.राजेश पायलट की मौत के समय केन्द्र में एनडीए व राज्य में गहलोत की सरकार थी। उन्होनें कांग्रेस पर गुर्जरों को हाशिए पर रखकर राजनीति करनें का आरोप लगाया।

# हिन्दू युवती ने पूर्ण सुरक्षा के साथ दरगाह में नमाज पढ़ने की इजाज़त मांगी

- **उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश की इस युवती की याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है तथा उसको सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया है।**
- **याचिकाकर्ता युवती की ओर से कहा गया है कि, वह रुड़की के रोशनाबाद में एक हर्बल फैक्ट्री में नौकरी करती है। स्थानीय पिरान कलियर दरगाह में उसकी आस्था है। वह दरगाह में नमाज अदा करना चाहती है।**

नैनीताल, 11 मई (वार्ता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश की एक हिन्दू युवती की ओर से रूड़की की पिरान कलियर दरगाह में नमाज पढ़ने और उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने के मामले में सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही युवती को असुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस थाना में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

मध्य प्रदेश नीमच निवासी भावना व फरमान की ओर से एक याचिका दायर कर अदालत से पिरान कलियर दरगाह में नमाज पढ़ने की अनुमति देने और उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग की गयी है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह रूड़की के रोशनाबाद में एक हर्बल फैक्ट्री में नौकरी करती है। स्थानीय पिरान कलियर दरगाह में उसकी आस्था है। वह दरगाह में नमाज अदा करना चाहती है। उसे कट्टरवादी संगठनों से खतरा है। इसलिये उसे सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही नमाज अदा करने की अनुमति दी जाये।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेश युवती से अदालत ने पूछा कि दरगाह में ही क्यों नमाज अदा करना चाहती है। ए घर में भी नमाज पढ़ी जा सकती है। इसके जवाब में उसने कहा कि दरगाह में उसकी आस्था है और उससे प्रभावित है। इसलिये वहां नमाज पढ़ना चाहती है।

याचिकाकर्ता की अधिवक्ता शीतल सेलवाल ने बताया कि अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दरगाह जाने से पूर्व वह स्थानीय थाना को प्रार्थना पत्र दे ताकि उसे सुरक्षा मुहैया करायी जा सके।

## रोचक व लंबी कहानी है...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिसे पूरा करते हुये उन्होंने सोनिया से मिलने के लिये गहलोत को समय दिलाया। इस मुलाकात का उपयोग उन्होंने राहुल गांधी पर काम करने के लिये किया।

गहलोत ने रणदीप सिंह सुरजेवाला का उपयोग किया राहुल गांधी को कहलवाया कि सचिन पायलट युवा है तथा उनके पास अभी काफी समय है तथा इसलिये इस समय उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की जरूरत नहीं है। सुरजेवाला ने टीम गहलोत द्वारा तैयार की गई इस दलील से काम लिया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी पहुँच गई है तथा उसने पंजाब पर कब्जा कर लिया है क्योंकि कांग्रेस कमजोर होने लगी थी। ऐसी ही स्थिति राजस्थान में होगी क्योंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के बिखरे हुये वोटों पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है क्योंकि गहलोत सचिन पायलट का काम बिगाड़ने के लिये जी-जान लगा देंगे। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप कांग्रेस सरकार गिर भी सकती है तथा चुनावों से 6 महीने पहले ऐसा जोखिम क्यों लिया जाये।

ऐसे ही तर्क लेकर राहुल गांधी के पास अन्य नेता भी भेजे गये। गैर-राजनैतिक तथा भोले-भाले राहुल गांधी, जिनका मुख्य उद्देश्य अडानी एवं मोदी को परेशान करना है, अडानी द्वारा बनाये तथा बिछाये गये जाल में फँस गये।

राहुल को राजी करने के लिये और क्या-क्या उपाय किये गये, यह अब भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रियंका की खामोशी एक महत्वपूर्ण बिन्दु है क्योंकि राहुल अधिकांश मुद्दों पर सख्त रूख अपनाने की स्थिति में नहीं देखे गये हैं।

सचिन पायलट से बहुत से वादे किये गये लेकिन वे सब थोथे साबित हुये। गोल-पोस्ट बदलता रहा तथा अब यह कर्नाटक चुनावों की समाप्ति बन चुका है। राजस्थान के लोग बड़ी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, देख रहे हैं।

अशोक गहलोत ने वसुंधरा राजे की पीठ में छुरा भौंक कर तथा उन पर प्रहार करके शीर्ष भाजपा नेतृत्व को उपकृत किया हैं क्योंकि भाजपा नेतृत्व राजे की साख खराब करना तथा उन्हें कमजोर स्थिति में पहुँचा देना चाहता है। भाजपा के दोनों शीर्ष नेताओं तथा अशोक गहलोत के बीच का संबंध साफ हो गया है तथा यह मेलजोल और बेहतर रूप लेता जा रहा है।

ऐसी भी रिपोर्ट हैं कि सुरजेवाला भी भाजपा नेतृत्व के साथ मेलजोल पैदा कर लिया है तथा सुरजेवाला के जोर देने पर ही बजरंग दल पर रोक लगाने का बिन्दु कर्नाटक के चुनावी घोषणा पत्र में जोड़ा गया था जिसके कारण कर्नाटक के अनेक पार्टीजन तथा घोषणा पत्र समिति के प्रमुख एवं सदस्य नाराज़ हो गये थे।

इसे वक्त की विडम्बना ही कहा जायेगा कि राहुल गांधी को एक ऐसे व्यक्ति ने पछाड़ दिया है, जिससे उन्हें नफरत है- गौतम अडानी।

## भाजपा को दो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डिस्क्वालिफिकेशन नोटिस दिए गए थे क्योंकि मीटिंग में भाग लेने के लिए "व्हिप" भी जारी किया जा चुका था।

इस बीच, दिल्ली सरकार से संबंधित कोर्ट के निर्णय को आप सरकार के आए वर्ष के संघर्ष की परिणती के रूप में देखा जा रहा है। मई 2015 में केन्द्र सरकार ने एक एम.एच.ए. अधिसूचना के जरिए संविधान में संशोधन किया था, जिसके तहत भूमि, पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था के अलावा, सेवाएं (दिल्ली सरकार के भीतर ट्रांसफर-पोस्टिंग) भी लैफ्टिनैंट गवर्नर के अधिकार क्षेत्र में कर दी गईं।

एक विस्तृत एवं दीर्घ विधिक के बाद कोर्ट ने आज फैसला दिया कि लैफ्टिनैंट गवर्नर निर्वाचित सरकार की मदद और सलाह से बंधे होंगे।

# डी.यू. ने राहुल गांधी को नोटिस भेजा "ट्रैसपासिंग" ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उत्कृष्टता को परिभाषित करने वाला एकमात्र का मानदण्ड बन गया है।

एक अन्य घटना के अन्तर्गत, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज ने 20 से अधिक विद्यार्थियों को दो माह के लिये निलम्बित करने के साथ ही, उन पर 10,000 रू. का जुर्माना कर दिया है क्योंकि उन्होंने पिछले महीने वार्षिक सांस्कृतिक आयोजन को लेकर प्राचार्य के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था।

राहुल गांधी को भेजे गये दो पृष्ठों के नोटिस में युनिवर्सिटी प्रोवोस्ट के.पी. सिंह ने कहा है कि यह घटना अनाधिकृत प्रवेश एवं हस्तक्षेप तथा गैर जिम्मेदार व्यवहार के समकक्ष है। नोटिस में कांग्रेस नेता से कहा गया है कि वे भविष्य में ऐसा कोई कदम उठाना "बंद" कर दें।

प्रोवोस्ट ने कहा है कि तीन वाहनों के साथ परिसर में गांधी के "अप्रत्याशित प्रवेश" से छात्रावास के निर्धारित नियम भंग हुये हैं।

गांधी शुक्रवार को विश्वविद्यालय के पोस्ट-ग्रेजुएट मैन'स होस्टल गये थे, वहाँ कुछ छात्रों के साथ संवाद किया था तथा उनके साथ लंच लिया था।

नोटिस में कहा गया है: "6 मई 2003 को होस्टल की प्रबंध समिति की आपातकालीन मीटिंग, जिसमें डीन स्टूडेंट्स वैलफेयर एवं प्रॉक्टर ऑफ द युनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली भी उपस्थित थे, ने सर्वसम्मति ने तय किया है तथा दृढ़ संकल्प लिया है कि एक राष्ट्रीय दल के ज़ैड प्लस सुरक्षा प्राप्त नेता का इस प्रकार का आचरण गरिमा के परे है।"

नोटिस आगे कहता है, "यह छात्रावास, युनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली एक्ट 1922, तथा इसके स्टेट्यूट्स, ऑर्डिनेंसेज, रेग्यूलेशंस तथा इसके अपने "रूल्स ऑफ रेजिडेन्स", "रूल्स रिगार्डिंग डाइनिंग हॉल" एंड "गेस्ट्स" द्वारा शासित एवं संचालित है ताकि छात्रावास का निर्विघ्न संचालन, इसमें रहने वाले विद्यार्थियां का कल्याण एवं समुचित अनुशासन बनाये रखना संभव हो सके।"

नोटिस में आगे कहा गया है: "कहने की आवश्यकता नहीं कि छात्रावास-प्रशासन के पास ऐसी किसी भी गतिविधि को रोकने के अधिकार सुरक्षित हैं, जो प्रशासन के अनुसार, निर्धारित नियमों के विरूद्ध हों। छात्रावास में समुचित अनुशासन बनाये रखने के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में, इन शर्तों का "हैन्डबुक ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड रूल्स ऑफ द होस्टल" के नियम 15.13 में स्पष्ट उल्लेख है। नोटिस में कहा गया है कि छात्रावास के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने अनाधिकार प्रवेश एवं गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के समकक्ष इस घटना की निन्दा की है।

नोटिस में कहा गया है, इसके अतिरिक्त, इस घटना ने उस समय छात्रावास में मौजूद सभी लोगों को शारीरिक नुकसान एवं सुरक्षा के गंभीर एवं आसन्न जोखिम की स्थिति में पहुँचा दिया था। उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुये, होस्टल रेजीडेन्ट्स, स्टाफ तथा अधिकारियों के सुरक्षा एवं कल्याण्ध की खातिर, आप भविष्य में ऐसा कोई अशोभनीय कदम उठाने से स्वयं को रोकें।"

गांधी के छात्रावास में जाने के एक दिन बाद, दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक तीखा बयान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि "अचानक एवं अनाधिकृत" प्रदेश से छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों और स्वयं राहुल की सुरक्षा के लिये गंभीर खतरा पैदा हो गया था।

"नोट कहता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन परिसर में इस प्रकार घुस आने की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा और सुनिश्चित करेगा कि इस तरह की घटना भविष्य में दोबारा ना हों।"

नैशनल स्टूडेंट्स यूनियन (एन.एस.यू.आई.) जो कांग्रेस की छात्र शाखा है, ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने दबाव में आकर राहुल के खिलाफ एक्शन लिया है। यद्यपि रजिस्ट्रार ने इस आरोप से इंकार किया और कहा कि कोई दबाव नहीं है यह तो सिर्फ अनुशासन को मामला है, लेकिन दिल्ली युनिवर्सिटी के उप कुलपति योगेश सिंह के करीबी सूत्रों ने कहा था कि देश के सर्वोच्च नेतृत्व ने राहुल के छात्रावास में आने पर नाराज़गी जताई थी।

योगेश सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर बी.बी.सी. की डॉक्युमैंट्री दिखाने की कुछ छात्र संगठनों की कोशिश की भी आलोचना की थी।

सिंह ने कहा था कि, डॉक्युमेंट्री के प्रदर्शन का उद्देश्य अराजकता व अनुशासनहीनता फैलाना।

मैं कैम्पस में ऐसे आचरण की अनुमति नहीं दूंगा। इसीलिए मामले की जांच के लिए एक सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था।

एन.एन.यू.आई. और भीम आर्मी स्टूडेंट फैडरेशन ने गत माह कहा था कि वे 2002 के गुजरात दंगों पर बनी डॉक्युमैंट्री "इंडिया: द मोदी क्वैश्चन" का दिल्ली युनिवर्सिटी के नॉर्थ कैम्पस में अलग-अलग समय पर प्रसारण करेंगे।

# 'पहली बार आर.पी.एस.सी. मेंबर गिरफ्तार हुआ, इसके...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **दिल्ली में कल रंधावा लेंगे सह प्रभारियों की बैठक, डोटासरा भी होंगे शामिल, राजस्थान पर महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है।**

में रहकर ही मुद्दे उठाते रहेंगे, क्योंकि इस बार उनकी यात्रा के पोस्टर में महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर, भगत सिंह, जवाहरलाल नेहरू,इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के फोटो तो हैं, लेकिन, पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के फोटो नहीं हैं, और ना ही हाथ का निशान है। ऐसे में भविष्य की योजनाओं को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।

वैसे अभी तक पायलट की यात्रा को लेकर कांग्रेस की ओर से किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं आया था, लेकिन यात्रा शुरू होने के बाद मीडिया द्वारा पूछे जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि, यह उनकी निजी यात्रा है, पार्टी से कोई इजाजत नहीं ली है। डोटासरा बोले कि, पार्टी का वही कार्यक्रम है जिसमें अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी का चुनाव चिन्ह हो।

वहीं, दिल्ली में शुक्रवार को राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, तीनों सह प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ बैठक करने वाले हैं, जिसमें निश्चित तौर पर सचिन पायलट की ओर से किए गए अनशन और अब पांच दिन यात्रा को लेकर चर्चा होगी। उसके बाद पार्टी की ओर से कोई रिएक्शन देखने को मिल सकता है।

अजमेर पहुँचने पर रेल्वे स्टेशन पर पायलट बोले, यह जन संघर्ष यात्रा जनता के बीच जाने और उसकी बात सुनने की यात्रा है। अजमेर में हुई जनसभा में सचिन पायलट ने कहा कि, पिछली सरकार में करप्शन के मुद्दे पर वसुंधरा राजे को हमने ललकारा था, उसके बाद कांग्रेस सत्ता में आई। जनसभा में पायलट ने पिपली के मुद्दे पर निशाना साधते हुए कहा कि, राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन में पेपर लीक हुए। नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। पहली बार कोई आरपीएससी मेंबर गिरफ्तार हुआ है, लेकिन क्या इसके तार और कहीं तक जुड़े हुए हैं ? यह कहते हुए एक तरह से पायलट ने फिर सीधे-सीधे मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने जब इस पर सवाल उठाया तो कहा गया, कोई नेता, अफसर शामिल नहीं है। जब पिपली के किसी दलाल पर बुलडोज़र चल सकता है तो इस आरपीएससी मेंबर कटारा के मकान पर पर बुलडोज़र क्यों नहीं चल सकता?

इसी के साथ उन्होंने कहा कि, वसुंधरा राजे के कार्यकाल में लगातार भ्रष्टाचार हुआ। हम लोगों ने वसुंधरा को ललकारा। हमने चैलेंज किया कि, आपके पास बहुमत हो सकता है, आपके पास राज हो सकता है, लेकिन जनता को लूटने का लाइसैंस आपके पास नहीं है। मैंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए राज्य की सरकार पर आरोप लगाए। हमारी पार्टी के तमाम नेताओं ने आरोप लगाए। गहलोत साहब ने भी आरोप लगाए कि बजरी माफिया, शराब माफिया, जमीन माफिया द्वारा लगातार लूट हुई।

हालांकि पायलट के अनशन और अब 5 दिन की यात्रा के बाद कहा जा रहा है कि, पायलट कोई और रास्ता अपना सकते हैं, लेकिन पायलट ने अपनी जन संघर्ष यात्रा के दौरान हुई सभा में पार्टी लाइन को ही पकड़े रखा और कहा कि कर्नाटक में 40 की सरकार है, भाजपा की सरकार को कर्नाटक में हराकर कांग्रेस इसलिए जीत रही है। वहां पर हमने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और कर्नाटक में भाजपा सरकार की विदाई तय है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग भवन के बाहर हुई पायलट की सभा के बाद जनसंघर्ष यात्रा शुरू हुई। पायलट आज 25 किलोमीटर चले। पहले दिन की यात्रा तोलामल गांव बस स्टैंड पर खत्म हुई। इससे पूर्व सभा में पहुँचने पर ब्राह्मण समाज के बैनर तले पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पायलट का स्वागत किया। जनसभा और पदयात्रा में पायलट खेमे के विधायक शामिल नहीं हैं। पिछले महीने जयपुर में हुए अनशन में भी ये विधायक शामिल नहीं हुए थे। हालांकि अजमेर के प्रमुख नेताओं में अजमेर उत्तर से कांग्रेस उम्मीदवार रहे महेंद्र सिंह रलावता, अजमेर दक्षिण से कांग्रेस उम्मीदवार हेमंत भाटी,जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन और अजमेर के पूर्व महापौर कमल बाकोलिया सहित कई पार्षद यहां मौजूद रहे। वहीं, मंच पर पूर्व विधायकों में डॉ परम नवदीप सिंह, भीमराज भाटी, महेंद्र गुर्जर, रामनारायण गुर्जर मौजूद थे।

पहले दिन यात्रा का समय दोपहर को था, ऐसे में कड़ी चिलचिलाती धूप के बीच जब यात्रा प्रारंभ हुई तो अजमेर - जयपुर राजमार्ग पर दोनों लेन में बड़ा जाम लग गया, क्योंकि आगे सचिन पायलट सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता पदयात्रा कर रहे थे और पीछे-पीछे गाड़ियां साथ चल रही थी। ऐसे में किशनगढ़ बाईपास से जब यात्रा ने किशनगढ़ में प्रवेश किया, तब तक बाईपास पर लंबा जाम लगा रहा। यात्रा की शुरुआत में इतनी भीड़ नहीं जुटी लेकिन यात्रा जब किशनगढ़ में पहुंची तो अच्छी भीड़ हो गई। यहां पायलट ने यात्रा के दौरान चल रही एक बस पर खड़े होकर नुक्कड़ सभा को संबोधित भी किया और यहां भी उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा।

## आदर्श घोटाले के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चीफ जस्टिस, एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश राहुल मोदी व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में सी.आर.पी.सी. की धारा 173 की संवैधानिक वैधता व उसके प्रावधानों को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा है कि, उनके खिलाफ दर्ज प्रकरणों में एस.ओ.जी. को 60 दिन की तय अवधि में जांच पूरी करनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक जांच ही पूरी नहीं हो पाई है और सी.आर.पी.सी. की धारा 173 में जांच प्रक्रिया लंबित कर रखी है। इससे उनका डिफॉल्ट बेल का अधिकार प्रभावित होता है। इस मामले के एक अन्य आरोपी कमलेश चौधरी को डिफॉल्ट बेल मिल चुकी है। इसलिए उन्हें इस मामले में डिफॉल्ट बेल दी जाए। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार के एडिशल सॉलिसिटर जनरल, आर.डी. रस्तोगी व राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि, आरोपियों को याचिका में सीधे तौर पर जमानत नहीं दी जा सकती। आरोपी केन्द्र सरकार के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने की आड़ में अदालत से जमानत मांग रहे हैं। आरोपियों को जमानत याचिका के जरिए ही जमानत मांगनी चाहिए। इसलिए आरोपियों की याचिका खारिज की जाए। अदालत ने पक्षकारों की बहस सुनकर याचिका में फैसला बाद में देना तय किया है।

## 'राजनीति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जहां कार से आरपीएससी होते हुये सभा स्थन पर पहुंचे। सभा में विजय जैन, नसीराबाद से पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, महेन्द्र सिंह रलावता, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह गुर्जर , कमल बाकोलिया, हेमंत भाटी व शहर के कुछ पार्षदगण मौजूद रहे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908






360 View Camera



Head Up Display


22.86cm SmartPlay Pro+


6 Airbags^


In-built Suzuki Connect

NEXA
Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*T&C apply. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time. Smart Finance available only in select cities. Creative Visualization. Black Glass on vehicle is due to lighting effect. ^For details on funcioning of safety features including air bag, kindly refer to the Owners manual.